RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

# दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, रविवार ●24 मार्च , 2024 वर्षः-11 अंक - 326 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## सऊदी अरब का कमाल, धरती पर मिलेगा अंतरिक्ष का मजा

### खास किस्म का गुब्बारा लोगों को कराएगा आसमान की सैर

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब के लोग और पर्यटक अब इस दुनिया से बाहर के अनुभव कर सकेंगे। एक बड़े गुब्बारे से



जुड़े क्लासी कैप्सूल में अंतरिक्ष की यात्रा का अनुभव लोगों को होगा। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार मैड्रिड स्थित अंतरिक्ष पर्यटन कंपनी हेलो ने जून में अपनी छठी परीक्षण उड़ान के लिए सऊदी अरब को अपना लॉन्च पैड घोषित किया है। 2021 में स्थापित हुई ये कंपनी 1,64,000 डॉलर की टिकट कीमत पर यात्री को पृथ्वी की सतह से 32 किमी ऊपर समतापमंडलीय यात्रा पर ले जाएगी, जिसमें यात्री ऐसा महसूस करेंगे जैसे वह अतंरिक्ष यान का सफर कर रहे हैं। आठ यात्रियों और एक पायलट को ले जाने में सक्षम कैप्सूल में 360-डिग्री पैनोरमिक खिड़कियां हैं जो यात्रियों को शानदार दृश्य देखने की अनुमति देती हैं। हेलो के अनुसार, उड़ान चार से छह घंटे लंबी होगी, जिसमें अधिकतम ऊंचाई पर एक या दो घंटे में पृथ्वी की नीली वक्रता का स्पष्ट दृश्य दिखाई देगा। हेलो स्पेस के सीईओ कार्लोस मीरा ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य 10,000 पृथ्वीवासियों को आश्चर्यजनक अवलोकन प्रभाव का पता लगाने और देखने का मौका देना है, यानी पृथ्वी के चारों ओर नीले प्रभामंडल को देखना।

## पहले कन्हैया, अब पप्पू यादव पर मच गई रार

### ● बिहार में राजद-कांग्रेस के बीच तीन मुद्दों पर तकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में महागठबंधन में सीट बंटवारे का पेच राजद और कांग्रेस के बीच फंस गया है और इसी वजह से सीट शेयरिंग का ऐलान नहीं हो सका है। कांग्रेस नेताओं ने राजद के उस कदम पर ऐतराज जताया है, जिसमें लालू यादव की पार्टी ने सहयोगी दलों से बिना



विचार-विमर्श किए पहले चरण के लिए चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। राजद ने औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, गया सुरक्षित सीट से सर्वजीत कुमार, नवादा से श्रवण कुशवाहा और जमुई से अर्चना रविदास को टिकट दिया है। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने राजद के इस कदम पर नाखुशी जताई है और इसे गठबंधन धर्म के खिलाफ बताया है। पूर्व गवर्नर और औरंगाबाद से महगठबंधन प्रत्याशी के दावेदार कहे जा रहे निखिल कुमार ने कहा है कि राजद ने जिसे उम्मीदवार बनाया है, उसमें जीतने की क्षमता नहीं है।

भोजशाला का सर्वे

## दीवार से सटी 6 इंच मिट्टी हटाकर अफसर कर रहे जांच

### कुछ जगह कार्बन कोडिंग हो रही, हिंदू-मुस्लिम पक्षकार मौजूद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर ज्ञानवापी की तरह धार स्थित भोजशाला का एएसआई सर्वे (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) का शनिवार को दूसरा दिन है। दिल्ली और भोपाल के अफसरों की टीम सर्वे कर रही है। एएसआई के वकील हिमांशु जोशी, हिंदू पक्ष की ओर से आशीष गोयल और गोपाल शर्मा सर्वे टीम के साथ भोजशाला पहुंचे। कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी के समद खान भी भोजशाला पहुंचे हैं। परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। भोजशाला में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र की निगरानी 60 कैमरों की मदद से की जा रही है। भोजशाला में दूसरे दिन सर्वे जारी है। टीम भवन के भीतर फिजिकल रूप से जांच कर रही है। भोजशाला के पिछले हिस्से में सुबह मजदूरों से सबसे पहले फावड़े की मदद से सफाई करवाई गई। टीम ने भोजशाला के पिछले हिस्से में



चिह्नित 3 स्थानों को कवर किया। दीवार से सटी मिट्टी को करीब 6 इंच तक हटाकर जांच कर रहे हैं। चिह्नित 3 स्थानों में से एक में अभी जांच में जुटी है। स्तंभों पर बने चित्रों पर कार्बन कोडिंग कर रहे हैं। परिसर के भीतर स्तंभों की गिनती और शिलालेख, जिस पर सनातनी लिपि में देव नाम दर्ज होने का दावा किया जा रहा है, उनका भी टीम बारीकी से निरीक्षण कर रही है। टीम दोपहर में लंच के लिए बाहर नहीं गई।

## ममता बनर्जी के एक और मंत्री के घर पहुंची ईडी

### ● 14 घंटे चली रेड, 40 लाख रुपए की नकदी जब्त

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर 14 घंटे तक की छापेमारी की। इस दौरान संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज, एक मोबाइल फोन और 40 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई। बीरभूम जिले में हुई इस छापेमार के बारे में एक अधिकारी ने शनिवार



को यह जानकारी दी। ईडी के अधिकारियों ने स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में एजेंसी की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को सिन्हा के बोलपुर स्थित आवास पर तलाशी अभियान चलाया था। ईडी के अधिकारी ने बताया कि सिन्हा यह स्पष्ट नहीं कर सके कि उनके आवास पर इतनी बड़ी मात्रा में नकदी क्यों रखी गई थी। सीनियर अधिकारी ने कहा, हमने अपनी जांच के संबंध में संपत्ति से संबंधित कुछ दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। एक मोबाइल फोन और 40 लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई।

## एकनाथ शिंदे की शिवसेना से चुनाव लड़ेंगे गोविंदा

### ● 2004 के चुनाव में अटल सरकार के मंत्री को हराया था

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रहे गोविंदा अब दूसरी सियासी पारी शुरू करना चाहते हैं। उनकी पिछले दिनों महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात हुई थी और तभी से कयास लग रहे हैं कि वह उत्तर पश्चिम मुंबई सीट से लोकसभा चुनाव में उतर



सकते हैं। इस सीट पर एकनाथ शिंदे गुट की दावेदारी है और शायद भाजपा के साथ सीट शेयरिंग में उन्हें यह मिल भी जाए। ऐसे में एकनाथ शिंदे इस सीट से गोविंदा को उतार सकते हैं। यहां से फिलहाल शिंदे गुट के ही गजानन कीर्तिकर ही सांसद हैं, लेकिन उन्हें शिवसेना दोबारा मौका नहीं देना चाहती।

## शिवराज के सबसे करीबी अफ़सर पर ईडी की दबिश से हड़कंप, हवाई पट्टी घोटाले में आया इक़बाल सिंह बैंस का नाम

भोपाल। हाल ही में ईडी लगातार कार्रवाई करने में लगी हुई है दिल्ली के सीएम केजरीवाल पर ईडी की कार्रवाई के बाद देशभर में हड़कंप मचा हुआ है। मीडिया सूत्रों के अनुसार इसी के चलते ईडी ने मध्य प्रदेश के सबसे ताकतवर ब्यूरोक्रेट्स में गिने जाने वाले शिवराज के करीबी पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस के रातीबड़ स्थित घर पर छापा मारे जाने की खबर सामने आई है। हालांकि बताया जा रहा है कि इकबाल सिंह बैस से बात करके सभी ईडी के अधिकारी लौट गए हैं। सूत्रों से ये भी सामने आया है कि वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ईडी ने इनके घर पर छापा मारा है।

बता दें कि इकबाल सिंह बैस पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के करीबी माने जाते हैं। इकबाल सिंह बैस का नाम उज्जैन हवाई पट्टी घोटाले में आया था। उन पर विमानन विभाग के सचिव और प्रदेश के मुख्य सचिव रहते हुए कंपनी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगा है।

**1.लीज की अवधि बढ़ाने का आरोप**

सरकार ने यह हवाई पट्टी 2006 में यश एयरवेज और सेंटॉर एविएशन एकेडमी इंदौर को लीज पर दी थी। राज्य सरकार और कंपनी के बीच 7 साल के लिए अनुबंध हुआ था। लेकिन दो वर्ष बाद ही इसकी लीज अवधि को 10 वर्ष कर दिया गया। अवधि बढ़ाने का आदेश तत्कालीन विमानन सचिव इकबाल सिंह बैस ने किया। लोकायुक्त संगठन ने इस समय वृद्धि को अनुचित माना है।





**2.पार्किंग शुल्क की माफी**

यश एयरवेज को नाइट पार्किंग के लिए 5 हजार 700 किलो वजनी विमानों के लिए 100 रुपए चुकाने थे। इससे ज्यादा वजनी विमानों के लिए यह चार्ज 200 रुपए था, लेकिन कंपनी ने यह रकम सरकार को नहीं दी। वर्ष 2016 में अनुबंध समाप्त हो गया और कंपनी से पार्किंग शुल्क की वसूली तय हुई। तब 10 मई 2021 को कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर पार्किंग शुल्क माफ किया गया। यह प्रस्ताव बतौर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस न रखा। लोकायुक्त संगठन ने माना है कि कोई भी प्रस्ताव समय निकल जाने के बाद तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता है। कैबिनेट से यह प्रस्ताव धोखे से मंजूर करवाया गया।

## बीजेपी से गठबंधन टूटते ही बीजेडी में पड़ गई फूट

### ● सांसद ने छोड़ी पार्टी, नवीन पटनायक के रहे करीबी

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में चुनाव को लेकर बीजू जनता दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच गठबंधन न होते ही नवीन पटनायक के दल में फूट पड़ गई है। बीजद के सांसद और इसके संस्थापक सदस्यों में से एक भर्तृहरि महताब ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कटक लोकसभा क्षेत्र से 6 बार सांसद रहे महताब ने कहा, मैंने आज शाम चार बजे बीजद अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को अपना इस्तीफा भेज दिया है।' बीजेपी एमपी ने कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उन्हें बीजद में स्वतंत्र रूप से काम करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। महताब को संसद में शानदार प्रदर्शन के लिए 2017 से 2020 तक लगातार 4 वर्षों तक संसद रत्न से सम्मानित किया गया था। भर्तृहरि महताब के बीजद छोड़ने से सीएम नवीन पटनायक को बड़ा झटका लगा है। महताब को पटनायक का करीबी माना जा रहा। बता दें कि भाजपा ओडिशा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने आज कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

## दिल्ली में एएपी का ऑफिस किया गया 'सील'

### आतिशी बोलीं-चुनाव आयोग के सामने उठाएंगे मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली में पार्टी का कार्यालय सभी ओर से 'सील' कर दिया गया है। पार्टी चुनाव आयोग के सामने इस मामले की शिकायत करेगी। आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यालय को 'सील' करने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ये कदम संविधान की ओर से दिए गए समान अवसरों के खिलाफ है। उधर सौरभ भारद्वाज ने इस मुद्दे पर रिएक्ट करते हुए कहा कि उम्मीद है चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से इस पर कार्रवाई करेगा। उन्होंने चुनाव आयोग से दिल्ली पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के कार्यालय को कैसे बंद किया जा सकता है। यह भारतीय संविधान में दिए 'समान अवसर' के खिलाफ है। हम इसके खिलाफ शिकायत करने के लिए निर्वाचन आयोग से वक्त मांग रहे हैं। एएपी के एक अन्य वरिष्ठ नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पार्टी





कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए हैं। सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि हम निर्वाचन आयोग जाएंगे, केंद्र सरकार ने आईटीओ पर एएपी के मुख्य कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार बंद कर दिए हैं, वह भी आदर्श आचार संहिता लागू होते हुए। मध्य दिल्ली में आईटीओ के पास डीडीयू मार्ग पर आप कार्यालय को भी शुक्रवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीजेपी मुख्यालय पर

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में घमासान तेज



प्रदर्शन के दौरान बंद कर दिया गया था। पंडित दीन दयाल मार्ग (डीडीयू) पर ही बीजेपी और आप के मुख्यालय स्थित हैं। एएपी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि किस कानून के तहत आप हमारे मंत्रियों को अपने ही कार्यालय जाने से रोक रहे हैं। आप एक पार्टी के नेशनल कार्यालय को चारों तरफ से सील कर देंगे। हम आतिशी के निवास स्थान पर जा रहे थे तब हमारी गाड़ी को रोका गया। क्या हम अपने घर भी नहीं जा सकते हैं। हमने चुनाव आयोग से समय मांगा और हम इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे। उम्मीद है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से इस पर कार्रवाई करेगा। उन्होंने चुनाव आयोग से दिल्ली पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की।

## गुजरात में भाजपा को लग रहा झटके पर झटका

### ● रंजन भट्ट के बाद एक और प्रत्याशी ने नाम लिया वापस, नहीं लड़ेंगे चुनाव

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनावों से पहले गुजरात में दोहरा झटका लगा है। एक दिन के अंदर ही दो प्रत्याशियों ने चुनाव ना लड़ने का फैसला किया है। सुबह गुजरात की वड़ोदरा सीट से



मौजूदा सांसद और बीजेपी प्रत्याशी रंजन भट्ट ने चुनाव ना लड़ने का फैसला किया था। अब गुजरात की साबरकांठा सीट से बीजेपी प्रत्याशी ने भी चुनाव ना लड़ने का फैसला किया है। दोनों प्रत्याशियों ने चुनाव ना लड़ने की वजह भी बताई है। बीते दिनों भाजपा ने साबरकांठा लोकसभा सीट से भीकाजी ठाकोर को लोकसभा टिकट दिया था। अब उन्होंने भी चुनाव ना लड़ने का फैसला किया है। भीकाजी ठाकोर ने कहा निजी कारणों से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

## अब आदिवासी रंग में रंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### ● झाबुआ में भगोरिया में हुए शामिल, केजरीवाल पर कहा- जेल गए, लेकिन पद नहीं छोड़ रहे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को झाबुआ जिले के राणापुर पहुंचे। यहां वे भगोरिया मेले में शामिल हुए। सीएम यादव आदिवासी परंपरा के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने पारंपरिक पगड़ी और जैकेट पहना। सीएम यादव खुली जीप में सवार होकर रोड शो के रूप में निकले। उन्होंने लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान रतलाम लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी अनीता चौहान भी मौजूद रहीं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- झूठ बोलने वाले, बेईमानी करने वाले और चालाकी करने वाले बहुत सारे दल के लोग हैं। आप सभी को भड़काते रहते हैं। लेकिन जिस प्रकार से मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, जिस प्रकार से प्रगति चल रही है, दुनिया की कोई ताकत फिर एक बार मोदी सरकार बनने से नहीं रोक सकती। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर सीएम यादव ने कहा- ये दुर्भाग्यपूर्ण है



कि दिल्ली के अंदर ये कहने वाला कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ूंगा, मैं गरीबों की बात करूंगा और बेईमानों को जेल भेजूंगा। उनके मंत्री जेल गए, अब तो खुद भी जेल गए, लेकिन पद नही छोड़ रहे हैं।

## शंभू बॉर्डर पर किसानों के बीच पहुंचे बजरंग पूनिया

### ● बोले-परिवार को सड़क पर बैठा देखकर होता है दुख ● हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर मनाया गया शहीदी दिवस

**अंबाला (एजेंसी)।** किसान आंदोलन-2 का 23 मार्च को 40वां दिन था। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को किसान शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर शहीदी दिवस मनाया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय पहलवान बजरंग पूनिया पहुंचे। उन्होंने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई। मंच से संबोधित करते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि अगर शहीदों के एक प्रतिशत विचार अपने अंदर लेकर चले गए तो हमें जीतने से कोई नहीं रोक सकता। बड़ा दुख होता है हमारे परिवार के सदस्य सड़कों पर बैठे हैं। कैसे उनके ऊपर अत्याचार किया जा रहे हैं। पूनिया ने कहा कि हम भी लड़ाई लड़ रहे थे, आप लोग हमारे समर्थन में दिल्ली जंतर-मंतर पर बैठे। वह भी देश की बहन-बेटियों की लड़ाई थी। आज किसान-मजदूर अपने हकों के लिए लड़ाई कर रहे हैं और सरकार अनदेखी कर रही है। यह देखकर दुख होता है। यह लड़ाई सिर्फ हरियाणा और पंजाब ही लड़ सकते हैं। हम सरकार से करोड़ों रुपए नहीं मांग रहे।

## हिंद महासागर की 'सुरक्षा प्रहरी' बनी अब अपनी इंडियन नौसेना

### ● समुद्री डकैतों से 110 की बचाई जान, 15 लाख टन सामान भी सुरक्षित बचाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना समुद्री क्षेत्र विशेष रूप से हिंद महासागर को सभी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नेवी चीफ एडमिरल आर हरिकुमार ने शनिवार को यह बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पिछले 100 में ऑपरेशन संकल्प के तहत विभिन्न अभियानों में समुद्री डकैतों से 110 लोगों की



जान बचाई है। 15 लाख टन से अधिक सामान को समुद्र के रास्ते उसके गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एडमिरल कुमार ने समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन संकल्प के 100 दिन पूरे होने के मौके पर यह बात कही। आर हरिकुमार ने कहा, समुद्री क्षेत्र को सुरक्षित रखना हमारा प्रमुख दायित्व है और नौसेना इसके लिए हर तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि नौसेना के 35 युद्धपोत, 5 टोही विमान और हेलीकॉप्टर हिंद महासागर से लेकर अदन की खाड़ी, उसके आसपास के क्षेत्रों, अरब सागर और सोमालिया के पूर्वी तट तक समुद्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर दुबे ने सांची में एसएसटी चेक प्वाइंट का किया निरीक्षण

**रायसेन (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सांची में बनाए गए एसएसटी प्वाइंट का कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने चेक प्वाइंट के निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीम से वाहनों की जांच, पंजी आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल भी साथ रहे।

### 4 अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 10-10 हजार रूपये का इनाम घोषित

**हरदा (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे ने 4 अलग-अलग मामलों में फरार अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये 10-10 हजार रूपये की घोषणा की है। उन्होने थाना सिराली के अपराध क्रमांक 77/24 धारा 457 व 380, थाना छीपाबड़ के अपराध क्रमांक 105/24 धारा 379 भादवि, थाना हरदा के अपराध क्रमांक 175/24 धारा 379 तथा अपराध क्रमांक 174/24 धारा 379 में फरार अज्ञात आरोपियों की गिफ्तारी के लिये प्रत्येक प्रकरण में 10-10 हजार रूपये के इनाम की उद्घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगा, जो आरोपियों की गिरफ्तारी करेगा अथवा करवायेगा या ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके। पुरस्कार के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक हरदा का होगा।

### बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**विदिशा (निप्र)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विदिशा में अध्यनरत प्रशिक्षणार्थियों को आज रोजगार और स्वरोजगार स्थापित करने में सहायक सिद्ध होने वाली गतिविधियों के तारतम्य उन्हें बस द्वारा संभागीय औद्योगिक संस्था भोपाल एवं संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल में भ्रमण हेतु संस्था प्राचार्य श्री एपी श्रीवास्तव ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री मनोज कुमार दुबे ने शपथ दिलाई।

### कलेक्टर दुबे ने नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र में शामिल उदयपुरा विधानसभा का किया भ्रमण

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने संसदीय क्षेत्र-17 नर्मदापुरम में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा अंतर्गत स्ट्रांग रूम, निर्वाचन प्रशिक्षण केन्द्र तथा विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल भी साथ रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण का जायजा लिया।

### भोजपुर में महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**रायसेन (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिकाधिक मतदान हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में औबेदुल्लागंज विकासखण्ड अंतर्गत भोजपुर संकुल स्तरीय संगठन सीएलएफ ग्राम पंचायत भोजपुर में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर मेहंदी, रंगोली आदि गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही सभी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत महिलाओं द्वारा भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण तक मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न

**रायसेन (निप्र)।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी तथा कलेक्टर श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्र वार अलॉट कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मुकेश सिंह तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री यादव और सांसद वीडी शर्मा ने मंडला जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को किया संबोधित

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के गृहप्रवेश में भी हुए शामिल



मंडला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश में मातृशक्ति को नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना में हमारी बहनों को कार्य करने का अधिक अवसर प्रदान किया। देश में लोकतंत्र के सर्वोच्च राष्टपति पद पर भी एक आदिवासी बहन को नेतृत्व करने का अवसर भाजपा सरकार ने ही प्रदान किया है। लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने के लिए लोकसभा और राज्यों की विधासभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का ऐतिहासिक कानून प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बनाया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंडला में पार्टी के जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने भी संबोधित किया।

**प्रधानमंत्री लोकतंत्र को बचाने का कार्य कर रहे हैं - मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सच्चे अर्थों में देश के लोकतंत्र को बचाने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति को हर क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्रदान किया है। हमारी मातृशक्ति भाग्यशाली हैं कि उन्हें मोदी जैसे प्रधानमंत्री मिले हैं जो आपके लिए अच्छे से अच्छा सोचते हैं और बेहतर से बेहतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि बीजेपी हर क्षेत्र में नया-नया नेतृत्व खड़ा कर रही है। संगठन में कार्य कर रहे व्यक्ति को पद-प्रतिष्ठा के साथ संगठन, समाज व सत्ता में काम करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी राजनीतिक दल अपने परिवार से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने आव्हान किया कि लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को विजयी बनाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आशीर्वाद प्रदान करें। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष मंडला में हितग्राही के गृहप्रवेश में हुए शामिल मंडला प्रवास के दौरान गाजीपुर ग्राम में मुख्यमंत्री यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष शर्मा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही धनेश्वर के गृहप्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने हितग्राही धनेश्वर के निवास पहुंचकर नूतन गृहप्रवेश की बधाई दी व उनके परिजनों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री व मंडला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश सरकार में मंत्री श्रीमती संपत्तिया उइके सहित जिला पदाधिकारी साथ रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने सांची विधानसभा में प्रबुध्दजन सम्मेलन, कार्यकर्ताओं से संवाद और आमसभा को संबोधित किया



भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को विदिशा लोकसभा क्षेत्र की सांची विधानसभा में प्रबुद्धजन सम्मेलन और आमसभा को संबोधित किया। वहीं पूर्व सीएम ने ग्राम खरबई में सबसे पहले कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां बहनों ने कलश रखकर भैया शिवराज का भव्य स्वागत किया और सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया। साथ ही पूर्व सीएम ने दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा भी की। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं इस पावन धरा को बारंबार प्रणाम करता हूं, मेरा यह सौभाग्य है की एक बार फिर मुझे यहां की जनता की सेवा का मौका मिला है, मैं विकास और जनकल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है

चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, समृद्ध और सम्पन्न विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी जी युगपुरूष और युगदृष्टा हैं। कांग्रेस के जमाने में दुनिया में कहीं भी भारत का मान-सम्मान नहीं था लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दुनिया हमारे देश का लोहा मान रही है। दुनिया के कोने-कोने में मोदी-मोदी के नारे लग रहे हैं, ये सम्मान केवल मोदी जी का नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का है। उन्होंने कहा कि, विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से जीत का कार्ड बनाया है। सबसे सुंदर खिला हुआ कमल विदिशा संसदीय क्षेत्र से मोदी जी को भेंट करना है और उन्हें तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

# केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में संयुक्त मोर्चा, मातृशक्ति कार्यक्रम, सोशल व आईटी टीम बैठक एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया



**शिवपुरी।** आपका हर सपना मेरा संकल्प है, आप केवल मेरे कार्यकर्ता नहीं आप मेरे सेनापति हो, मेरे परिवार के सदस्यगण हो और जीवन की आखिरी सांस तक आपका विकास, प्रगति, रखवाली ज्योतिरादित्य सिंधिया के जिम्मे रहेगी। कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत परिश्रम से गुना लोकसभा में कमल का फूल खिलाकर पार्टी के 400 सीट के लक्ष्य को पूरा करना है। यह बात केन्द्रीय मंत्री व गुना-शिवपुरी लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को शिवपुरी के नक्षत्र गार्डन में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, मातृशक्ति सम्मेलन एवं आईटी व सोशल मीडिया की बैठक को संबोधित करते हुए कही। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को भी संबोधित किया।

सिंधिया ने कहा कि अमृतकाल के सफर पर भारत चल पड़ा है और अगर भारत चल पड़ा है तो मेरा शिवपुरी, गुना, अशोकनगर भी चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि ये केवल मोर्चे नहीं है बल्कि एक किला है और इस किले के ये सभी सेनापति हैं। ये वो सेनापति हैं जिन्होंने वर्षों से भारत माता की रक्षा की है। ये राजनैतिक चुनाव नहीं है, ये मां भारती के लिए संग्राम है। हमें अवसरवादी और भ्रष्टवादी लोगों का पूर्णतः समापन करना है। एक-एक मतदाता को विश्वास में लेना है और सभी मतदाताओं के घर जाकर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि आज हम संग्राम का बिगुल बजा रहे हैं, यह संग्राम का बिगुल किसी राजनैतिक लक्ष्य और कुर्सी को हासिल करने के लिए नहीं है, यह संग्राम मां भारती को विश्व पटल पर स्थान दिलाने का है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के तिरंगे को हमने देश के अंदर ही नहीं बिल्के विश्व पटल पर स्थापित किया है। शिवपुरी और गुना के लोगों को बहुत जल्द हवाई सुविधा मिलेगी, इसके लिए एयरपोर्ट बनाने गुना-शिवपुरी के लिए 90 करोड़ रूपए मंजूर करवा दिए है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों को मजबूत बनाने एं प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प दिलाया।

इस दौरान मंच पर जिलाध्यक्ष राजू बाथम, विधायक देवेंद्र जैन, महेन्द्र यादव, लोकसभा सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता हरिहर शर्मा, राघवेंद्र गुर्जर, गंगाराम बघेल, लोकसभा प्रभारी दुर्गालाल विजय सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बेटा कर रहा था पिता को ब्लैकमेल आठ माह पहले किया था सुसाइड, सुसाइड नोट के आधार पर बनाया आरोपी

इंदौर के रावजी बाजार में आठ माह पहले एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को उसके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला। उसमें बेटे पर ब्लैकमेल करने और मारपीट का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले मे बेटे को जांच के बाद आरोपी बनाया है। रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक बलराम कुमावत की मौत के मामले में उसके बेटे तुषार ( 18 ) को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में आरोपी बनाया गया है। पुलिस के मुताबिक तुषार ने 4 अगस्त 2023 को पुलिस को सूचना देकर बताया था कि उसके पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने उसका पोस्टमॉर्टम कराया। कमरा सील कर तलाशी ली तो यहां एक सुसाइड नोट मिला। नोट में लिखा था कि वह अपने बेटे से प्रताड़ित होकर जान दे रहा है। उसकी मौत का जिम्मेदार उसका बेटा रहेगा। जो मेरे साथ सालों से रहने के बाद भी मुझे मारता, धमकाता और अपशब्द कहता था। उसने मेरे मोबाइल में से मेरे कुछ फोटो निकाले और मुझे ब्लैकमेल किया। जिससे में बहुत परेशान हूं। इस बात के चलते मैं अपनी जान दे रहा हूं। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त करने के बाद उसे फोरेंसिक जांच के लिए भोपाल भेजा। यहां से रिपोर्ट आने के बाद बेटे के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही कर दी।

# कांग्रेस के एक और पूर्व विधायक ने छोड़ी पार्टी, सीएम मोहन की मौजूदगी में थामा भाजपा का दामन



भोपाल - लोकसभा चुनाव से पहले दल बदल का दौर जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के एक और पूर्व विधायक ने पार्टी छोड़ दी है। आलोट से पूर्व विधायक मनोज चावला के पार्टी को अलविदा कह दिया है। उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को अपना त्यागपत्र भेजा है जिसमें कांग्रेस छोड़ने का व्यक्तिगत कारण बताया है। वहीं शनिवार को सीएम मोहन यादव के रतलाम दौरे के दौरान पूर्व विधायक मनोज चावला ने भाजपा ज्वाइन कर ली। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रमोद गुगलिया भी बीजेपी में शामिल हो गए। सीएम मोहन यादव ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई।

# स्वीप गतिविधी : शासकीय वाहनों पर स्लोगन स्टीकर लगाकर कलेक्टर ने किया शुभारंभ



**नर्मदापुरम (निप्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के नेतृत्व में स्वीप प्लान के तहत आज जन मानस में 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव हेतु जागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक संख्या में वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, इसी क्रम में शासकीय वाहनों पर स्लोगन लगाकर प्रचार करने की गतिविधि का शुभारंभ कलेक्टर द्वारा स्वयं के वाहन पर प्रचार हेतु स्टीकर लगाकर किया, इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ सुजान सिंह रावत तथा अपर कलेक्टर डी के सिंह द्वारा अपने - अपने वाहनों पर भी स्लोगन स्टीकर लगाया गय। मताधिकार तथा मतदान के संवैधानिक कर्तव्य की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है, शासकीय विभागों द्वारा समय - समय पर विभिन्न प्रकार के आयोजन के द्वारा लोगों तक मतदान की शक्ति जानने के लिए संदेश रूपी आयोजन किए जा रहे है।

इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा आज शासकीय मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए वाहनों पर स्टीकर लगाकर स्वीप प्लान को प्रारंभ किया, इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के अतिरिक्त अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी डी के सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुजान सिंह रावत, आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के साथ समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्वीप प्लान प्रारंभ के बाद आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ टीम द्वारा बस स्टैंड तथा शहर के अलग - अलग मार्गो पर बसों तथा अन्य छोटे वाहनों पर जन जागरूकता तथा मताधिकार के प्रति जागरुकता की थीम पर बने स्टीकर को लगाया गया, तथा यात्री वाहनों में बैठे नागरिकों को वोट की ताकत तथा ज्यादा से ज्यादा मत के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# 24 घंटे तीन पालियो में विज्ञापन पेड न्यूज और फेक न्यूज़ पर नजर रखी जा रही है



## प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए कमेटी गठित

**नर्मदापुरम (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन की चुनाव की घोषणा के साथ ही नर्मदापुरम जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। जिले में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। जिसके नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी को बनाया गया है। इस निगरानी कक्ष को नर्मदापुरम कलेक्ट्रेट के लोक सेवा गारंटी कार्यालय में स्थापित किया गया है।

प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाले राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों तथा विधानसभा निर्वाचन से जुड़े विज्ञापन और पेड न्यूज साथ ही फेक न्यूज़ आदि के संबंध में इस कक्ष के माध्यम से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। एमसीएमसी कक्ष 24 घंटे तीन में पालियो संचालित हो रहा है। मीडिया पर पर निगरानी रख रहा है। मॉनिटरिंग सेल में 14 अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तीनों पारियों में एक दल प्रभारी की भी ड्यूटी लगाई गई है। जो तीन पारियों में 24 घंटे पेड न्यूज़, फेक न्यूज और सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए हैं।

इस सेल में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए लगातार टेलीविजन और प्रिंट मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित होने वाले विज्ञापनों समाचारों और फेक न्यूज़ तथा सभी राजनीतिक समाचारों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। अखबार की कतरनों को नोडल अधिकारी तक पहुंचाया जा रहा है। एमसीएमसी सेल अभ्यर्थियों से विज्ञापन प्रमाणन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे तथा समय सीमा में परीक्षण कर विज्ञापन की अनुमति प्रदान करना सुनिश्चित भी करेगी ।

कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा गठित एमसीएमसी सेल प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक, दोपहर 3:00 बजे से रात्रि 11:00 तक, एवं रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 7:00 बजे तक संचालित की जा रही है। सभी पालियो में अधिकारी एवं कर्मचारी टीवी तथा स्थानीय केबल पर पेड़ न्यूज़, फेक न्यूज़ और चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी मॉनिटरिंग करेंगे। मॉनिटरिंग के लिए एमसीएमसी कक्ष में चार एलईडी टीवी, कंप्यूटर एवं स्टाफ लगाया गया है। जिला स्तरीय एमसीएमसी द्वारा प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित प्रसारित होने वाली पेड न्यूज का चिन्हांकन किया जा रहा है। पेड न्यूज के व्यय की गणना डीएवीपी तथा डीपीआर दर के आधार पर की जाएगी और उसका मूल्य निर्धारण किया जाएगा।

एमसीएमसी सेल की प्रातः कालीन दल प्रभारी सहायक प्राध्यापक डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने बताया कि प्रतिदिन अखबार से निर्वाचन संबंधी खबर का संकलन किया जा रहा है। विशेष तौर पर राजनीतिक खबरों से वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिदिन अवगत कराया जा रहा है। सोशल मीडिया सेल भी 24 घंटे एक्टिव है।

दैनिक
सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...
इंदौर, रविवार 24 मार्च , 2024


# ऑनलाइन दवा व्यापार के खिलाफ दवा व्यापारियों ने शुरू किया अभियान

इन्दौर। शहर सहित सारे देश मे 12 लाख 40 हजार सदस्य वाले संगठन आल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट और ड्रगिस्ट ने ऑनलाइन दवा खरीदने-बेचने और अजनबी लोगों से व्यापार करने के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। देशभर में इस अभियान की शुरुआत इंदौर से ही की गई है। इस संगठन ने इंदौर, मध्यप्रदेश सहित सारे देश के अपने दवा व्यापारियों से कहा है कि सभी केमिस्ट अथवा दवा व्यापारी अपनी जान-पहचान वाले व्यापारी से ही व्यापार करें। कम कीमत और ज्यादा मुनाफे के चक्कर में ऑनलाइन दवा मंगवाने वाले हर रोज ठगी का शिकार हो रहे हैं। इस ठगी में सिर्फ मरीज या मरीज के परिजन ही नहीं, बल्कि कई दवा व्यापारी भी ऑनलाइन मेडिसिन बिजनेस के झांसे में फंसकर लाखों-करोड़ों का नुकसान उठा चुके हैं। इसलिए अब सारे देश मे 12 लाख 40 हजार सदस्य वाले संगठन आल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट और ड्रगिस्ट ने ऑनलाइन दवा बेचने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। इस संगठन ने इंदौर मध्यप्रदेश सहित सारे देश के अपने दवा व्यापारियों से कहा है कि वे पहले की तरह अपनी जान पहचान वाले से ही व्यापार करे। आल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट और ड्रगिस्ट के सचिव राजीव सिंघल ने बताया कि ऑनलाइन दवा व्यापार के खिलाफ़ उनके संगठन के पदाधिकारियों ने अपने-अपने शहर अथवा सभी राज्यों में बड़ी मुहिम छेड़ दी है। इस अभियान का एक ही नारा है कि हम जिससे व्यापार करें, वो हमारा परिचित व्यापारी हो। इस वजह से हम ऑनलाइन या अन्य दूसरे माध्यम से हो रही ठगी और धोखाधड़ी से बच जाएंगे।ऑनलाइन दवा व्यापार के खिलाफ शुरू किया अभियान

# लोकसभा चुनाव -मतदान में 9190 मशीनों का होगा इस्तेमाल

इंदौर। लोकसभा चुनाव में 9 विधानसभा क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाली वोटिंग मशीनों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। कुल 9190 मशीनें इस्तेमाल होंगे। विधानसभावार स्ट्रॉन्ग रूम में ये मशीनें पूरी सुरक्षा के साथ रखवाई गई है। वहीं संभागायुक्त दीपक सिंह ने भी स्मार्ट सिटी मिशन को भी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी, तो कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने मतदान केन्द्रवार वॉलेंटियर नियुक्त करने और सबसे अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़वाने वाले को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करने का निर्णय भी लिया।इस रेण्डमाइजेशन के पश्चात जिले में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिये ईव्हीएम जिसमें बेलेट यूनिट (बीयू), कंट्रोल यूनिट (सीयू) तथा वीवीपेट शामिल हैं आवंटित की गई। आवंटन के पश्चात उक्त सामग्री विधानसभा क्षेत्रवार स्ट्रॉग रूम में पूर्ण सुरक्षा के साथ रखी जायेगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, रोशन राय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। बताया गया कि जिले में उपलब्धता के आधार पर 120 प्रतिशत बीयू, 120 प्रतिशत सीयू तथा 130 प्रतिशत वीवीपेट का प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया। इसमें 20 प्रतिशत बीयू, 20 प्रतिशत सीयू तथा 30 प्रतिशत वीवीपेट रिजर्व के रूप में रहेंगे। रेण्डमाइजेशन के दौरान विधानसभावार ईव्हीएम का वितरण किया गया।

# जजों के तबादले कई इंदौर से गए, आए

इंदौर। एमपी हाईकोर्ट द्वारा बड़ी संख्या में जिला जजों की ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई है। इसमें अनेक जज इंदौर से गए और आए हैं। सूची के मुताबिक राकेशकुमार जैन राजगढ़ से फैमिली कोर्ट इंदौर, पवित्रा व्यास फैमिली कोर्ट इंदौर से एडीजे टीकमगढ़, एडीजे देवेंद्रप्रसाद मिश्रा भिंड से इंदौर, एडीजे मनोजकुमार तिवारी इंदौर से भिंड, एडीजे पावस श्रीवास्तव इंदौर से सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी सतना, एडीजे प्रेमपालसिंह ठाकुर इंदौर से सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस छिंदवाड़ा, एडीजे गंगाचरण दुबे इंदौर से सतना, एडीजे शशिसिंह महू से शिवपुरी, एडीजे केशवमणि सिंघल इंदौर से सतना, एडीजे सुधीर मिश्रा इंदौर से सतना, एडीजे प्रकाश कसेर शहडोल से इंदौर, एडीजे संजयकुमार गुप्ता इंदौर से कटनी, एडीजे मुकेश नाथ इंदौर से कटनी, एडीजे विनोद कुमार शर्मा विदिशा से इंदौर, एडीजे हेमंतकुमार रघुवंशी मुरैना से इंदौर, एडीजे धर्मेंद्र सोनी इंदौर से रीवा, एडीजे चारूलता दांगी इंदौर से मुरैना और एडीजे दिलीप सिंह परमार इंदौर से सागर भेजे गए हैं।

# मुआवजे की मांग कर रहे किसानों को थोड़े समय की राहत

## ● अधिकारियों ने दिया आश्वासन, कहा चुनाव तक कार्य को स्थगित किया जा रहा है

इंदौर। शहर के आउटर रिंग रोड के लिए गाइडलाइन से चार गुना मुआवजा की मांग कर रहे किसानों को थोड़े समय के लिए राहत मिली है। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर आश्वासन दिया कि लोकसभा चुनाव तक कार्य को स्थगित किया जा रहा है। किसान लंबे समय से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे है। शनिवार को किसान खुड़ैल में एकत्रित होकर अपना विरोध जताने वाले थे।

आउटर रिंग रोड को पूरा करने के लिए 84 गांव के सैकड़ों किसानों की कृषि भूमि का अधिग्रहण होना है। किसान गाइडलाइन से चार गुना मुआवजे की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि आउटर रिंग रोड की कोई जरूरत ही नहीं है। कुछ गांव में तो लोकसभा चुनाव के बहिष्कार के बैनर पोस्टर भी लगा दिए थे। शनिवार को खुड़ैल में किसान धरना प्रदर्शन करने वाले थे, लेकिन उन्हें प्रशासन की ओर से धरने की अनुमति नहीं मिली। खुड़ैल एसडीएम गोपाल वर्मा ने मौके पर किसानों को आगामी चुनाव तक उनके कार्यक्षेत्र में रिंग रोड के काम को स्थगित करने का मौखिक वादा कर दिया।

आउटर रिंग रोड पूर्वी व पश्चिमी एवं इंदौर बुधनी रेलवे लाइन के प्रभावित किसानों की संयुक्त बैठक धर्मपुरी में संपन्न हुई। इसके बाद आज किसानो ने धरना, प्रदर्शन से अपने हाथ पीछे खींच लिए। हालांकि किसानों का यह भी कहना है कि यह ठोस कार्रवाई नहीं है और न ही कोई लिखित में आश्वासन मिला है। इसलिए वह राज्य व केंद्र सरकार से अपने विरोध को लगातार जारी रखेंगे। एसडीएम गोपाल वर्मा का कहना है कि डेढ़ महीने में लोकसभा चुनाव होना है। व्यवस्थाओं के मध्य नजर किसानों से चर्चा की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में मार्गदर्शन लिया जा रहा है। चुनाव तक रिंग रोड के काम को बंद किया गया है।

# जमीनों के धंधों में लिप्त है प्रदेश के मुख्यमंत्री - चिंटू चोकसे

## एरोड्रम क्षेत्र की अवैध कालोनी मारवाड़ी अग्रवाल नगर में निगम का धावा पांच मकान तोड़े, विधायक उषा ठाकुर के पहुंचने पर रोकी कार्रवाई

### यह भी बोले चिंटू

- शहर में तेजी से फल फूल रही अवैध कालोनियां
- उषा ठाकुर के भाई अंबू ठाकुर ने कॉलोनी काटी
- उषा ठाकुर को कालोनीवासियों की नही अपने भाई की चिंता थी
- भाजपा की दोहरी नीति नही करवाई पूर्व मंत्री पर एफआईआर
- महापौर कमिश्नर में हिम्मत है तो प्रकरण दर्ज करवाए

**इंदौर।** शनिवार को निगम का अमला मारवाड़ी नगर में अवैध कालोनी के नाम पर कार्यवाही करने पहुंचा जिसे रहवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा और महू विधायक उषा ठाकुर के पहुंचने पर उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा बताया जा रहा है की उक्त कालोनी विधायक के भाई की ही है इसीलिए विधायक कार्यवाही रुकवाने पहुंची थी इस मामले को लेकर निगम के नेता प्रतिपक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस लेकर बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए है चिंटू चौकसे ने कहा कि बीजेपी की कथनी और करनी में बहुत अंतर है शहर में जितनी अवैध कालोनी कट रही है उनमें से अधिकतर बीजेपी नेताओं के पट्ठों की है कुछ दिन पहले ही जिला कलेक्टर ने कहा था की अवैध कालोनी काटने वालों पर रासुका लगाएंगे अब अगर महापौर और निगम कमिश्नर में हिम्मत है बीजेपी विधायक उषा ठाकुर पर शासकीय कार्य में बाधा डालने की एफआईआर दर्ज करवा कर बताए। चिंटू चौकसे ने तो यह तक कहा की जब प्रदेश का मुख्य मंत्री ही जमीन के काले धंधे में लिप्त है तो फिर बीजेपी नेता अगर ऐसा करते है उनको कोन रोकेगा



जिन्होंने तुम्हे भेजा है उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा-उषा ठाकुर



निगम अधिकारियों से कहा- ऐसे आदेश का पालन करोगे तो तुम मरोगे



**ऐसा है मामला -**

शनिवार की अल सुबह नगर निगम का भारी-भरकम अमला पुलिस बल के साथ एरोड्रम क्षेत्र केन मारवाड़ी अग्रवाल नगर में पहुंचा। निगम के अमले को देखते ही क्षेत्रीय रहवासियों का हुजूम इकट्ठा हो गया। काफी देर तक बहस और नोंकझोंक चलती रही। इसी बीच निगम अमले ने वहां निर्माणाधीन पांच मकानों के हिस्से तोड़ दिए। इसी बीच विधायक उषा ठाकुर वहां पहुंच गई और अफसरों से चर्चा की। इसके बाद निगम के अमले ने कार्रवाई रोक दी। मौके पर नगर निगम के एक अधिकारी और पार्षद के समर्थक के साथ क्षेत्रीय रहवासियों की हुज्जत भी हुई और नौबत झूमाझटकी तक जा पहुंची। रहवासी विधायक के सामने क्षेत्रीय पार्षद अश्विनी शुक्ल पर तमाम आरोप लगा रहे थे और साथ ही पैसा मांगे जाने की बात भी चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे थे। पार्षद के खिलाफ नारेबाजी चलती रही। इस दौरान रहवासियों की भीड़ नगर निगम और प्रशासन के सक्षम अधिकारी को बुलाने की मांग करती रही। मौके पर विधायक उषा ठाकुर मौजूद थी लोगो ने बताया की यह कालोनी उनके ही रिश्तेदार की है।

### ● 100 से ज्यादा मकान बने हुए हैं अवैध में कालोनी में

रहवासियों का कहना है कि नगर निगम अब कालोनी में कार्रवाई के लिए पहुंच रहा है, जब वहां 100 से ज्यादा मकान बन चुके हैं।अगर निगम को कार्रवाई करना थी तो जब मकान निर्माणाधीन थे, तब की जाना थी।अब कार्रवाई करने से कई परिवार पूरी तरह उजड़ जाएंगे।कई लोगों ने निगम अधिकारियों को खरी-खोटी भी सुनाई और कहा कि क्षेत्रीय पार्षद अश्विनी शुक्ल के इशारे पर नगर निगम का अमला सिर्फ इसी कालोनी में कार्रवाई करने क्यों पहुंचा है, जबकि आसपास के क्षेत्रों में कई अवैध कालोनियां बन रही हैं तो फिर निगम वहां क्यों नहीं जाता ? लोगो का कहना हैं कि हमारे मकान तोड़े तो हम जीते जिए जायेंगे हमने बैंक से लाखो का लोन लेकर मकान बनाए है कार्यवाही करना है तो कॉलोनाइजर पर करो क्योंकि हमने तो उसे पूरे पैसे दिए है

### निगम अधिकारी वर्मा और पार्षद समर्थक से विवाद और झूमाझटकी

नाराज लोग चीखे-चिल्लाए... पार्षद से लेकर अधिकारियों तक की जमकर लू उतारी। रिमूवल टीम ने निर्माणाधीन पांच मकानों के अधिकांश हिस्से तोड़ दिए थे। इसी दौरान रहवासी वहां हंगामा करते रहे। इसी बीच किसी ने विधायक उषा ठाकुर को फोन लगाकर सूचना दी तो वे मौके पर पहुंच गई। विधायक के आने के बाद रहवासी पूरी तरह मैदान संभाल चुके थे। उन्होंने हंगामा शुरू कर विधायक के सामने ही अपनी बात कहना शुरू की, जिनमें अधिकांश महिलाएं भी शामिल थीं । कालोनी में कार्रवाई से गुस्साए लोग जमा होकर हंगामा कर रहे थे। इसी बीच तोड़फोड़ की कार्रवाई का निर्देश देने वाले निगम अधिकारी देवकीनंदन वर्मा अचानक लोगों के निशाने पर आ गए और महिलाओं ने उन्हें विधायक उषा ठाकुर के सामने बुलवाया। जब वे नहीं आए तो महिलाओं और पुरुषों ने उन्हें धक्का देकर वहां ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान झूमाझटकी भी हुई। इसी ज़्बीच पार्षद अश्विनी शुक्ल का एक समर्थक वहां किसी भीड़ ने उसे भी घेर लिया कार्य से पहुंचा तो लोगों की और उसके साथ झूमाझटकी की। मामला मारपीट तक पुलिसकर्मियों ने समर्थक पहुंच जाता, लेकिन को वहां से बचाकर रवाना कर दिया।

# मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए अगले माह नए सिरे से खुलेंगे 2550 करोड़ रुपए के टेंडर

इंदौर। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा तय रूठ के मुताबिक ही बुलवाए गए टेंडर एडीबी की शर्तों में कुछ तकनीकी त्रुटि के चलते फिर से आमंत्रित करना पड़े। इसमें भी पहले के रूट को ही यथावत रखा गया है। रूट बदलने के लिए कई बार मांग उठाई गई है। अगले महीने 23 अप्रैल को 2550 करोड़ रुपए के ये टेंडर नए सिरे से खुलेंगे। दरअसल केंद्र सरकार ही रूट बदलने या अन्य बड़े परिवर्तन के निर्णय की मंजूरी दे सकती है। इंदौर और भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट को भी केन्द्र सरकार ने अनुमति दी है और उसमें अब शासन स्तर पर केंद्र की मंजूरी के बिना कोई बड़ा फेरबदल नहीं हो सकता है। पिछले दिनों एमजी रोड से राजवाड़ा, बड़ा गणपति होते हुए एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड कॉरिडोर के रूट परिवर्तन की मांग की गई, जिसमें बंगाली चौराहा से पीपल्याहाना चौराहा और वहां से एग्रीकल्चर कॉलेज से उसे अंडरग्राउंड करते हुए शिवाजी वाटिका, एमवाय और उसके आगे सरवटे, रेलवे स्टेशन सहित आगे ले जाने की मांग की गई। जब मेट्रो का एलिवेटेड और अंडरग्राउंड कॉरिडोर के रूट को तय किया गया उस समय कोई विरोध नहीं हुआ। प्रोजेक्ट के टेंडर होने के बाद नए सिरे से फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने और रुट बदलने आदि मांगें शुरू की गई है। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने ना तो एलिवेटेड और ना ही अंडरग्राउंड कॉरिडोर का रूट बदलने का निर्णय लिया। बल्कि पिछले दिनों जो पैकेज-5 के तहत अंडरग्राउंड कॉरिडोर के टेंडर मंजूर हो गए थे उसे निरस्त कर दोबारा सिर्फ इसलिए बुलाना पड़े, क्योंकि एडीबी की कुछ शर्तों का समावेश उसमें नहीं हो पा रहा था। 8.626 किलोमीटर अंडरग्राउंड कॉरिडोर में लम्बी ट्वीन टनल के साथ 7 अत्याधुनिक स्टेशनों का निर्माण भी होगा। अब 22 अप्रैल को 4 बजे तक ऑनलाइन कंपनियां टेंडर डॉक्यूमेंट हासिल कर सकेंगी और फिर 23 अप्रैल को साढ़े 4 बजे तकनीकी निविदा के टेंडर खुलेंगे। इस कार्य की अनुमानित लागत कॉर्पोरेशन ने 2550 करोड़ रुपए आंकी है।

# बस परमिटों पर 2 अप्रैल तक जारी रहेगी रोक

इंदौर। इंदौर से प्रदेश के प्रमुख मार्गों पर संचालित होने वाली बसों के स्थायी और अस्थायी परमिट 2 अप्रैल तक जारी नहीं हो सकेंगे। कोर्ट द्वारा इस मामले में सुनवाई के लिए लगाए गए आवेदन को खारिज कर दिया है। अब 2 अप्रैल को सुनवाई में निर्णय के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। इसके कारण इंदौर की 300 से ज्यादा बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है।उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा बसों के स्थायी परमिटों की सुनवाई आयोजित किए जाने पर एक बस संचालक द्वारा कोर्ट में याचिका लगाते हुए इस पर आपत्ति ली थी। बस संचालक का तर्क था कि परिवहन विभाग बिना बसों की फ्रिक्वेंसी (दो बसों के बीच समय का अंतर) और रूट फार्मूलेशन तय किए बिना परमिट जारी नहीं कर सकते हैं और सुनवाई भी नहीं कर सकते हैं। इस पर कोर्ट ने स्टे दे दिया था। इस पर परिवहन विभाग द्वारा बसों के अस्थायी परमिट जारी करने पर भी 1 मार्च से रोक लगा दी है। परिवहन अधिकारियों का कहना है कि अस्थायी परमिट एक माह के लिए होते हैं और माह खत्म होने के बाद बस संचालक को दोबारा नया आवेदन करना होता है, लेकिन कोर्ट ने नए परमिटों की सुनवाई और जारी करने पर रोक लगाई है। इसके कारण इंदौर की 300 से ज्यादा बसों को 1 मार्च से अस्थायी परमिट नहीं मिल पा रहा है। इस मामले के निराकरण के लिए पिछले दिनों परिवहन विभाग ने हाई कोर्ट में इस मामले को प्राथमिकता पर सुने जाने के लिए विशेष आवेदन किया था। अधिकारियों ने बताया कि कोर्ट ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला इतना ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। अब मामले की सुनवाई की अगली तारीख 2 अप्रैल की लगी है। इस दिन सुनवाई तक परमिट जारी नहीं हो पाएंगे। इस दिन भी स्टे खारिज होता है, तब ही परमिट जारी हो पाएंगे, अन्यथा निराकरण तक रोक जारी रहेगी।

### ● बरात परमिट लेकर दौड़ा रहे बसें, चुकाना पड़ रहा ज्यादा टैक्स

अधिकारियों ने बताया कि बस संचालकों द्वारा रूट्स पर अपने एकाधिकार को बनाए रखने के लिए नए परमिटों की सुनवाई को हमेशा बाधित किया जाता है। कभी नेताओं से फोन करवाए जाते हैं तो कभी कोर्ट में आपत्ति लगाई जाती है। इस बार यह आपत्ति बस संचालकों के गले की हड्डी बन गई है, क्योंकि उनके ही परमिट अटक गए हैं। बसों का संचालन जारी रखने के लिए बस संचालक बरात परमिट लेकर बसों को चला रहे हैं, जिसके लिए उन्हें ज्यादा टैक्स भी चुकाना पड़ रहा है और परिवहन विभाग जांच के दौरान ऐसी बसों पर कार्रवाई भी कर रहा है, क्योंकि बरात परमिट पर नियमित बसों का संचालन नहीं किया जा सकता है।

### बस संचालक बोले- सभी बसों को बंद कर देंगे

परमिट जारी न हो पाने से नाराज बस संचालकों ने पिछले दिनों आरटीओ प्रदीप शर्मा को धमकी देते हुए कहा था कि वे सभी बसों का संचालन बंद कर देंगे। इस पर आरटीओ ने कल सभी बस संचालकों की आरटीओ ऑफिस में बैठक बुलाई थी। इसमें आरटीओ ने कहा कि परमिट जारी करने पर रोक बस संचालकों की याचिका के आधार पर ही कोर्ट ने लागू की है। इसमें विभाग कुछ नहीं कर सकता है। अगर बस संचालन बंद करेंगे तो ये कोर्ट के आदेश का विरोध होगा। इस पर बस संचालक निरुत्तर हो गए। अधिकारियों ने बस संचालकों को यह भी समझाया कि अगर वे मामले का जल्द निराकरण चाहते हैं तो जिस बस संचालक ने याचिका लगाई है, उसे याचिका वापस लेने को कहें, जिससे मामला खत्म हो जाएगा और नए परमिट जारी होने लगेंगे।

# इंदौर में 13 हजार स्थानों पर लगाए जाएंगे 50 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे

**इंदौर।** स्वच्छता में नंबर वन इंदौर में सुरक्षा की दृष्टि से शहर में 13 हजार स्थानों पर 50 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

जनसहयोग से लगाए जाने वाले ये कैमरे 15 हजार स्क्वेयर फीट से अधिक की कमर्शियल बिल्डिंग्स और गेट वाली कालोनियों पर लगेंगे। शासन ने इसकी मंजूरी दे दी है और अब जिला प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंदौर पहला ऐसा शहर होगा, जहां पर जनता के सहयोग से इतनी बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम होगा।

सीसीटीवी कम्युनिटी पॉलिसी को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सुरक्षा की दृष्टि से शहर में 50 हजार से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर चर्चा हुई। अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों को एक साथ कनेक्ट किया जाएगा। इसके लिए इंटरनेट प्रोवाइडरों से कैमरों का एक्सिस लिया जाएगा। इसकी मदद से कंट्रोल रूम में बैठे हुए लाइव नजर रखी जा सकेगी। चोरी, लूट, अपहरण, डकैती जैसी घटनाओं पर विराम लगाया जा सकेगा, वहीं अपराधी को कैमरों की सहायता से नाकाबंदी कर पकड़ा जा सकेगा।

करीब पांच साल पहले स्मार्ट सिटी योजना के तहत एकीकृत निगरानी योजना बनी थी। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसमें शहर में 50 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्लानिंग बनाई गई थी। इस प्रस्ताव को बाद में आगे नहीं बढ़ाया जा सका। अब एक बार फिर से इस योजना को शासन की अनुमति मिलने के बाद आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर निगम के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम शुरू होगा।

# इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर अब तक एक करोड़ सालाना क्षमता के टर्मिनल का काम शुरू होना बाकी

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट 18 लाख यात्रियों की क्षमता वाले देश के 15 एयरपोर्ट में सुविधाओं की दृष्टि से पिछले साल देश में पहले नंबर पर रहा। यहां यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं, लेकिन अब तक एक करोड़ सालाना क्षमता के टर्मिनल का काम शुरू होना बाकी है। यूएई के अतिरिक्त अन्य विदेशी फ्लाइट का संचालन भी शुरू नहीं हो सका। इंटरनेशनल सुविधाओं से लैस होने के बाद भी इंदौर से बैंकाक, सिंगापुर जैसे शहरों के लिए सीधी फ्लाइट की जरूरत है।

इंदौर एयरपोर्ट से वर्ष 2023 में 35 लाख से अधिक यात्रियों ने आना-जाना किया। यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। वर्तमान में एयरपोर्ट के टर्मिनल की सालाना क्षमता 40 लाख है, इसलिए यहां एक करोड़ की सालाना क्षमता का नया टर्मिनल बनाने की योजना काफी समय से बनाई गई है। अब तक इसका काम शुरू नहीं हो सका है। एयरपोर्ट से लगातार यात्रियों की संख्या और फ्लाइट बढ़ती जा रही हैं। अभी छोटे विमानों के संचालन के लिए पुराने टर्मिनल के नवनिर्माण का काम इसी साल शुरू किया गया है। अब तक पुराना टर्मिनल पूरी तरह से बंद कर यहां पर ऑफिस संचालित किए जा रहे थे, लेकिन यात्रियों और फ्लाइट्स की बढ़ती संख्या को देखते हुए इसका नवनिर्माण किया जा रहा है। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए राज्य शासन द्वारा बिजासन टेकरी के नीचे 20.80 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी, ताकि बढ़ती यात्रियों की संख्या को देखते एयरपोर्ट विस्तार के काम हो सके। यहां मल्टीलेवल पार्किंग और पार्किंग का नया एंटी-एक्जिट सिस्टम यहां बनाया जाना था, लेकिन अब तक शुरू नहीं हो सका।

इंदौर एयरपोर्ट पर पुराने कार्गो की क्षमता 16 हजार मीट्रिक टन थी। इसको बढ़ाने के लिए करीब 5.2 करोड़ रुपये में 75 हजार मीट्रिक टन का नया कार्गो टर्मिनल भवन बनाया गया। एक साल पहले शुरू करने के बाद भी कार्गो की संख्या में इजाफा नहीं हुआ। वर्तमान में 30 से 35 हजार किग्रा कार्गो रोजाना जा रहा है। यहां पेरिशेबल कार्गो टर्मिनल भी बनाया गया है ताकि जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को सुरक्षित रखा जा सके। इसके बाद भी व्यापारी रुचि नहीं दिखा रहे।

इंदौर एयरपोर्ट से वर्तमान में दुबई की एक और शारजाह की दो फ्लाइट संचालित हो रही हैं। इंदौर एयरपोर्ट से बैंकॉक और सिंगापुर के लिए भी सीधी फ्लाइट की संभावनाएं है। विमान कंपनियों ने इसे लेकर रुचि भी दिखाई, लेकिन मामला लंबे समय से अटका पड़ा है। दोनों शहरों के लिए सीधी उड़ानें अब तक शुरू नहीं हो पाई।

एयरपोर्ट पर नए एटीसी टावर का काम शुरू किया गया है। यह अब तक यह पूरा नहीं हो सका। यह 10 मंजिला और मौजूदा टावर से दोगुनी ऊंचाई का होगा। नया फायर स्टेशन भी बनाया जा रहा है। एयरपोर्ट रनवे के आखिरी छोर पर इमरजेंसी में आने और जाने के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाना था। यह सड़क एयरपोर्ट के पीछे की तरफ बनाई जानी थी, ताकि इमरजेंसी होने पर एंबुलेंस और फायर बिग्रेड अंदर पहुंच सके। यहां भी बाधक अवैध निर्माण नहीं हटाने के कारण पूरा नहीं हो सका है।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, रविवार 24 मार्च, 2024

# संपादकीय

# अभिव्यक्ति की आजादी के साथ विमर्श करने की जरूरत

केंद्र सरकार की यह कवायद पहले भी आलोचनाओं के घेरे में थी कि सोशल मीडिया पर जारी सामग्रियों की जांच उसकी ओर से गठित एक इकाई करेगी और उसके आधार पर टिप्पणी या सामग्री को किसी मंच पर से हटाना या उसे रहने देने का फैसला होगा। इस संबंध में सरकार ने बुधवार को तथ्य जांच इकाई लागू करने के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी थी।

मगर उसके एक दिन बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की उस अधिसूचना पर फिलहाल रोक लगा दी। जाहिर है, सरकार अपनी जिस पहल को तथ्यों की जांच का नाम दे रही है, उसे शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ बताया है। हालांकि इस मसले पर अभी बंबई हाई कोर्ट में अंतिम फैसला आना बाकी है, मगर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की अधिसूचना पर रोक लगाने की जरूरत को रेखांकित करते हुए कहा कि अनुच्छेद 3(1)(बी)(5) की वैधता को चुनौती में गंभीर संवैधानिक प्रश्न शामिल हैं और बंबई हाई कोर्ट द्वारा 'अभिव्यक्ति की आजादी' और अभिव्यक्ति पर नियमों के प्रभाव का विश्लेषण जरूरी था।

आज अभिव्यक्ति के मंचों का स्वरूप जिस तरह बदला है और अलग-अलग तरीकों से अपनी बात कहने की कोशिश की जाती है। सरकार ने तथ्य जांच इकाई से संबंधित जो अधिसूचना जारी की थी, उसके मुताबिक वह इकाई सोशल मीडिया के विभिन्न मंच, मसलन 'फेसबुक', 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' आदि पर डाली गई सामग्रियों की निगरानी कर सकती है और किसी जानकारी को फर्जी और गलत बता सकती है।

अगर वह तथ्य जांच इकाई किसी सामग्री पर आपत्ति जताती है तो सोशल मीडिया के संबंधित



मंच को न सिर्फ उसे हटाना होगा, बल्कि उसके इंटरनेट पते यानी यूआरएल को भी प्रतिबंधित करना होगा। सवाल है कि सरकार के मातहत काम करने वाली एक एजंसी आखिरी तौर पर यह कैसे तय करेगी कि कोई सामग्री गलत या सही है! क्या ऐसे में उसके मनमाना रवैया अख्तियार कर लेने और सोशल मीडिया पर जारी किसी टिप्पणी या राय की सुविधाजनक तरीके से व्याख्या करके सही या गलत करार देने की आशंका नहीं पैदा होगी?

एक ओर देश के संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बतौर अधिकार दर्ज है, तो दूसरी ओर अपनी सुविधा के मुताबिक उसकी मनमानी व्याख्या करके किसी मुद्दे पर लोगों को अपना पक्ष रखने को बाधित या हतोत्साहित करने की व्यवस्था की जाती है। यों भी अगर सोशल मीडिया पर कोई व्यक्ति अपनी राय जाहिर करता है, तो उसकी सच्चाई तय करने का अधिकार किसी सरकारी एजंसी के हाथों में केंद्रित क्यों होनी चाहिए! सही है कि इंटरनेट पर फर्जी सूचनाओं का संजाल भ्रामक धारणाओं का निर्माण करता है।

मगर ऐसा किसी भी पक्ष की ओर से किया जा सकता है। इसे लेकर जागरूकता का प्रसार किए जाने की जरूरत है कि लोग किसी सूचना के सच या झूठ होने को लेकर सजग रहें और खुद पड़ताल करें। मगर किन्हीं हालात में यह व्यवस्था लागू की ही जाती है तो उसके नतीजों का अंदाजा लगाना क्या इतना मुश्किल है? क्या इसके स्वतंत्र अभिव्यक्ति या विरोध की आवाज को दबाने के औजार में तब्दील हो जाने की स्थितियां नहीं पैदा होंगी? कहीं भी लोकतंत्र तभी जिंदा रहता है, जब वहां पक्ष और विपक्ष के बीच अलग-अलग मसलों पर बहसें होती हैं और अभिव्यक्ति की आजादी के साथ विमर्श होता है। इस लिहाज से देखें तो तथ्य जांच इकाई के मसले पर सुप्रीम कोर्ट का रुख जरूरी और स्वागतयोग्य है।

## होली समारोह का बदलता स्वरूप

**डॉ. सपना जैन दबाड़े**

होली, भारतीय संस्कृति का एक अद्वितीय और प्रिय त्योहार है जिसे सभी लोग बड़े ही उल्लास और मनोरंजन के साथ मनाते हैं। जब हर कोने में रंगों की बौछार होती है और हर कोई खुशी, प्यार और एकता का भाव अपनाता है। होली का त्योहार भक्त प्रह्लाद की ईश्वर के प्रति अनन्य भक्ति और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसके साथ ही इस पर्व को राधारानी एवं भगवान श्री कृष्ण के अद्भुत प्रेम से भी जोड़ा जाता है। होली का उत्सव प्राकृतिक सौंदर्य और सामाजिक एकता का प्रतीक है। लेकिन आधुनिक समय में, होली का स्वरूप बदलता जा रहा है। पहले जैसी रंग-बिरंगी और खुशियों भरी होली की जगह अब बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंगों और कैमिकल्स की होली आ गई है। पहले रंग बनाने के लिए रंग-बिरंगे फूलों का प्रयोग किया जाता था। अपने चिकित्सीय गुणों के कारण इन फूलों से बना रंग त्वचा को निखारने का काम करता था। अब प्राकृतिक रंगों के जगह रासायनिक रंग, ठंडाई की जगह नशा और लोक संगीत की जगह फिल्मी गीतों ने ले लिया है। रंगों में रसायनों की मिलावट होली के रंग में भंग डालने का काम करता है। होली खेलने के लिए गुब्बारों या प्लास्टिक की थैली का प्रयोग से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। कहीं न कहीं हम आधुनिकीकरण में यह भूलते चले जा रहे हैं कि यह हमारी संस्कृति हैं जिसे बचाये रखना, हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर हम मथुरा-वृंदावन की होली देखें तो पाएंगे कि वहां होली गुलाल और फूलों की पंखुड़ियों से ही खेली जाती है। और इससे उनके त्योहार के आनंद में कोई कमी नहीं आती।

पर्यावरण के प्रति सजग लोग और समाज इसके लिये जरूर प्रयासरत है, लेकिन इसके बावजूद हजारों क्विंटल लकड़ियाँ, लाखों लीटर पानी की बर्बादी और रासायनिक रंगों का प्रभाव मनुष्य की सेहत और पर्यावरण पर हो रहा है।होली वास्तव में एक ऐसा सतरंगी त्यौहार है, इस साल, हमें होली के उत्सव को हरित और स्वच्छ बनाने के लिए संकल्पित होना चाहिए। प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें- बाजार में मिलने वाले रंगों में रासायनिक पदार्थ हो सकते हैं जो पर्यावरण को हानि पहुंचा सकते हैं। इसलिए, फूलों, जड़ी बूटियों, और अन्य जैविक सामग्रियों से बने प्राकृतिक और हरित रंगों का उपयोग करें। ये रंग बायोडिग्रेडेबल होते हैं और पर्यावरण या हमारी त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

- **खुद के रंग बनाएं-** घर पर अपने रंग बनाने के लिए रंगीन और स्वास्थ्यप्रद सामग्रियों का उपयोग करें जैसे कि हल्दी (पीले के लिए), चुकंदर (लाल के लिए), पालक (हरे के लिए), और ब्लूबेरीज़ (नीले के लिए)। ये रंग सुरक्षित और प्राकृतिक होते हैं, साथ ही आपके उत्सव को विशेष बनाते हैं।
- **पानी की बचत करें-** रंगों के खेलने के लिए गलने का पानी का उपयोग करने की बजाय, सूखी होली का आनंद लें। सूखे गुलाल (रंग का पाउडर) या फूलों के पेटल का उपयोग करें, जिससे पानी की बचत हो और जल संकट कम हो।
- **प्राकृतिक भोजन और पेय-** होली के समय स्थानीय और जैविक खाद्य और पेय प्रदान करें।

स्वच्छता बनाए रखें- हमें अपने उत्सव के बाद अपने आसपास के क्षेत्र को साफ और सुथरा रखने का संकल्प लेना चाहिए। रंगों को सड़कों या नदियों में न फेंकें बल्कि उन्हें ठीक से निस्तारित करें और पार्क्स और खुले स्थानों को भी स्वच्छ रखें।

- **सावधानी बरतें-** जब आप रंग खेलें, तो सावधानी बरतें। अपने आँखों को सुरक्षित रखें और चेहरे को तेल लगा कर रंग से बचाएं।

प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करें

रंगों और गुलाल को साफ करने के लिए प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करें जैसे कि गुलाब पानी, दूध, या दही।

- **प्लास्टिक का निषेध-** प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करें और पैराम्परिक उपयोगी और पर्यावरण के हित में चीजों का उपयोग करें। एक बार उपयोग शीघ्रीय प्लास्टिक के बजाय, जैविक या पुनः प्रयोग करने योग्य प्लेट, कप, और कटोरे का उपयोग करें।
- **जागरूकता फैलाएं-** अपने दोस्तों और परिवार को उत्सव के दौरान हरित अभियान की अवधारणा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। सामाजिक जागरूकता बढ़ाएं और सभी को सही तरीके से हरित होली का आनंद लेने के लिए प्रेरित करें। इन उपायों का अनुसरण करके आप एक प्रदूषणमुक्त और प्राकृतिक होली का आनंद उठा सकते हैं। चलिए, इस होली को एक सफल, नए और स्वच्छ आयोजन में बदलने का संकल्प करें।

## जल बचाना हम सबका दायित्व है

इंदौर। इंडेक्स नर्सिंग कॉलेज मालवांचल यूनिवर्सिटी द्वारा वर्ल्ड वॉटर डे पर सेमिनार आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेशनल वॉटर ड्रिंकिंग वॉटर सेक्रेटरी पायलट प्रोजेक्ट मिनिस्ट्री ऑफ़ ड्रिंकिंग वॉटर और सैनिटाइजेशन गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के सुधींद्र मोहन शर्मा उपस्थित थे। देश के जाने माने हाइड्रोलॉजिस्ट सुधींद्र मोहन शर्मा ने कहा कि पृथ्वी पर 70 प्रतिशत जल है। वहीं मनुष्य के शरीर में भी 70 फीसदी जल है। जल पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन सही प्रबंधन नहीं होने से जल समस्या बनी हुई है। ग्रामीण की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में खपत ज्यादा है। इंदौर में लगभग 550 एमएलडी पानी बंटता है, जिसमें से 60त्न व्यर्थ बह जाता है। अत- बढ़ती मांग को देखते हुए आवश्यक है। दूषित जल को उपचारित कर पुनः उपयोग करें। एक परिवार 675 लीटर पानी में से 270 लीटर पानी फ्लश कर देता है। इसके पुन-इस्तेमाल से पानी के लिए इंदौर की नर्मदा पर निर्भरता कम हो जाएगी।

नदियों को उधार के पानी से जीवंत करना उपाय नहीं

उन्होंने कहा कि नदियों के खत्म होने को भी इसी ईकोसिस्टम से जोड़ते हैं। हालांकि उनके पास इस ईकोसिस्ट के खत्म होने का एक और कारण है। वे कहते हैं कि गांवों में पशुओं की संख्या बढ़ने से यहां की पहाड़ियां उनकी चारागाह बन गईं और इस तरह से यहां की प्राकृतिक वनस्पति खत्म होने लगी । इसके साथ मिट्टी बहती रही और पहाड़ों की बाहरी सतह पर पत्थर रह गए।ऐसे में नदियां कितने दिनों तक बची रहेंगी और पानी खेतों तक कितने दिनों तक आएगा यह कहना मुश्किल है क्योंकि इसका खर्च लगातार बढ़ता रहेगा। वे कहते हैं कि इस इलाके में हर कहीं एक एकड़ जमीन पर बारिश का एक करोड़ लीटर पानी जुटाया जा सकता है। ऐसे में किसान सरकार से इस पानी को जुटाने की व्यवस्थाएं बनाने की मांग करें क्योंकि उधार के पानी से अपनी खत्म की हुई नदियों को जिंदा करना आने वाली पीढ़ियों के लिए ठीक नहीं होगा।नर्मदा का पानी इन नदियों में लाना एक तरह से उधार का पानी और उधार की पहचान लेना है।इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया व वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया,कुलपति डॉ.संजीव नारंग के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम रजिस्ट्रार डॉ.लोकेश्वर सिंह जोधाणा एवं प्राचार्या डॉ.स्मृति जी सोलोमन द्वारा सुधींद्र मोहन शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम डॉ बिंदयानी देवी और नितिन चिंचोलकर द्वारा किया गया ।

## नाथ मंदिर में आज से 31 मार्च तक मनाया जाएगा पुण्य तिथि महोत्सव

इंदौर. सद्गुरु माधवनाथ महाराज की 88वीं पुण्य तिथि आज 24 मार्च से 31 मार्च तक साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रतिदिन सुबह कांकड़ आरती, सामूहिक धर्मग्रंथ पाठ और महाराज का रुद्राभिषेक किया जाएगा। दोपहर में विभिन्न महिला भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा सायं 6 बजे से 8 बजे तक कीर्तनकार एच.बी.पी. नसरोबाबादी (महाराष्ट्र) की। शरद बुआ धाग द्वारा कीर्तन प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रात्रि में गायन, वादन एवं भजन का आयोजन होगा। महोत्सव में महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे।

नाथ मंदिर संस्थान के अध्यक्ष वीएस कोकजे, सचिव संजय नामजोशी ने बताया कि पहले दिन सुबह 6 बजे कांकड़ आरती, सुबह 8 बजे माधवनाथ दीप प्रकाश ग्रंथ का पाठ, देर शाम 3 बजे महाआरती होगी। शाम 6 बजे भजनी मंडल सुखलिया की बहनों द्वारा रचित भजन, शाम 6 बजे शरद बुआ धाग द्वारा कीर्तन, रात 8.15 बजे दैनिक पंचपदी और रात 9 बजे से इंदौर के सलिल दाते द्वारा वेणु भजे हरिनाम की प्रस्तुति दी जाएगी। 25 मार्च को दोपहर 3 बजे से साईनाथ कॉलोनी स्थित प्रेरणा भजनी मंडल की बहनों द्वारा भजन का कार्यक्रम तथा रात्रि 9 बजे केदार मोधक द्वारा शास्त्रीय गायन का कार्यक्रम होगा। तबले पर धवल परिहार और हारमोनियम पर सुयश राजपूत संगत करेंगे। 26 मार्च को दोपहर 3 बजे तिलकपथ के अहिल्या पॉल भजन मंडल द्वारा भजन कार्यक्रम, शाम 6 बजे शरद बुआ धागे द्वारा कीर्तन और रात 9 बजे देवास के सच्चिदानंद भजनी मंडल द्वारा भजन कार्यक्रम होगा। 27 मार्च को दोपहर 3 बजे लोकमान्य नगर स्थित भवगंध भजनी मंडल, रात्रि 9 बजे भक्ति भजनी मंडल राजेंद्र नगर द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी. 28 मार्च को पाराशर नगर स्थित स्वराली स्वर ग्रुप द्वारा तथा 29 मार्च को रात्रि 8.15 बजे पूर्णराती द्वारा भजन प्रस्तुत किये जायेंगे। प्रातः 8 बजे से मारुति याग, प्रातः 8.30 बजे सामूहिक सत्यनारायण पूजा, श्रीराम भजनों की प्रस्तुति के कार्यक्रम होंगे। दोपहर 3 बजे राजेंद्र नगर का भजन मंडल और रात 9 बजे नाना महाराज तराणेकर भजनी मंडल। 30 मार्च को सुबह 8 बजे मारुति याग, दोपहर 3 बजे रामबाग के आदर्श भजन मंडल के भजन और रात 9 बजे पंत वैद्य कॉलोनी के समर्थ मठ भजनी मंडल के भजनों की प्रस्तुति होगी। 31 मार्च को सुबह 8 बजे परायणाची संगत, 9 बजे लघु रुद्र आरती और मारुति याग की पूर्णाहुति होगी, इसके बाद 11.30 बजे समाराधन और दोपहर 1 से 4 बजे तक महाप्रसादी होगी, शाम 7.30 बजे इसके बाद रात 9 बजे श्रीनाथाची पालकी यात्रा होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा के अवसर पर 9 अप्रैल को श्रीनाथ जन्मोत्सव के साथ ही 9 से 17 अप्रैल तक श्री राम नवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव के तहत प्रतिदिन सुबह से रात तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.

## इंदौरियों पर मोदी चलाएंगे पिचकारी, पूरे मप्र में रंग भेजता है इंदौर

इंदौर। क्या हो अगर आप होली के दिन घर से निकलें और आपके ऊपर रंग की एक जोरदार धार आकर लगे। आप उस ओर पलटकर देखें तो पाएं कि अरे, ये तो मोदी का रंग है, जिसने आपको रंग दिया है। यहां से थोड़ा आगे बढ़ें और आप पर कोई आकर गुब्बारा फेंक कर होली है बोले और मुस्कुराता हुआ निकल जाए। आप उसे पलटकर देखें तो पाएं कि उसमें मानो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टाइप का आत्मविश्वास है। दरअसल, यह सब अबकी बार होली पर होने वाला है। इंदौरियों पर मोदी और योगी रंग डालेंगे और इंदौरी लोग मस्ती के इस रंग में भीग जाएंगे। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि होली के बाजार में इस बार मोदी और योगी ही छाए हुए हैं। इन्हीं के नाम की पिचकारियां, इन्हीं के नाम का गुलाल है। आइए जानते हैं कि इस बार होली पर किस तरह चुनावी राजनीति का रंग चढ़ा हुआ है।

होली में अब चंद दिन ही शेष हैं। बाजारों में भी होली का उल्लास दिख रहा है। रंग, गुलाल, पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। इस बार दुकानों पर बच्चों के लिए यूं तो तमाम तरह की पिचकारियां हैं, किंतु दूर तक मार करने वाली मोदी, योगी नामक पिचकारी की जबरदस्त डिमांड है। इनके अलावा मिस्टर बीन, कार्टून, आर्मी बंदूक, प्रेशर पिचकारी सहित तमाम प्रिंट और डिजाइन की पिचकारी मिल रही हैं। रंगीन पानी से दूसरों को सराबोर करने के लिए खास तरह के टैंकर (खिलौने) भी उपलब्ध हैं। जगह-जगह सजी रंग, अबीर, गुलाल एवं पिचकारी की दुकानों पर फुटकर दुकानदारों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं की भीड़ जुट रही है। दूसरे शहरों के व्यापारी भी इंदौर से बड़ी मात्रा में रंग और पिचकारी खरीद कर ले जा रहे हैं।

जबरदस्त डिमांड में हैं राजनीति की पिचकारी


होली में पिचकारियों की डिमांड अधिक रहती है। बच्चों को तरह-तरह डिजाइन की पिचकारियां खूब पसंद आती हैं। ऐसे में पिचकारियों के निर्माता भी ट्रैंड को ध्यान में रखते हैं। चूंकि इन दिनों देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छाए हुए हैं, इसलिए होली के बाजार में भी इन्हीं की धूम है। इनकी तस्वीर वाली पिचकारी इंदौर के बाजारों में दिख रही हैं। डोरेमान, मिसाइल, टैंक, ड्रेगन, पिस्तौल, स्पाइडर मैन की टैंक वाली पिचकारियां इस बार मोदी, योगी से पीछे ही हैं। यहां तक कि दाम भी मोदी, योगी वाली पिचकारी के ही ज्यादा हैं। इंदौर में वैसे तो रंगों और पिचकारियों की फुटकर दुकानें बड़ी संख्या में लगती हैं, लेकिन रानीपुरा थोक बाजार में 50 से अधिक दुकानों पर एक ही जगह रंग, गुलाल, पिचकारियां आदि चीजें मिलती हैं। यहां इंदौर के अलावा दूसरे शहरों के भी व्यापारी और ग्राहक खरीदारी करने के लिए आते हैं। यहां करीब एक महीने पहले से होली का बाजार सजने लगता है। दिलचस्प यह है कि पूरे प्रदेश में इंदौर से ही रंग व होली का अन्य सामान सप्लाय होता है। इंदौर में गुलाल, रंग और पिचकारी का हर वर्ष करोड़ों रुपये का व्यापार होता है।

हर्बल रंगों की बढ़ी डिमांड

शहर में अबीर, गुलाल और रंग की दुकान लगाने वाले वाले सचिन नरवरिया ने बताया कि हर्बल रंगों की मांग पिछली बार से अधिक बढ़ी है। लोग अब पक्के रंगों से होली खेलना नहीं चाहते। इसके उलट हर्बल रंग बच्चों से लेकर बुजुर्ग और महिलाओं से लेकर परिवार के प्रत्येक सदस्य को लगाया जा सकता है। भगवान की पूजा के लिए भी लोग हर्बल रंग ही खरीद रहे हैं। इस बार त्योहार में एक अलग तरह का उत्साह दिख रहा है। पिचकारियों की बिक्री भी बीते वर्षों से कुछ अधिक है। बड़े बच्चों को इस बार एनिमल मूवी की पिचकारी पसंद आ रही है। सभी फैंसी पिचकारियों की कीमत थोक के भाव में 70 रुपये से 280 रुपये में उपलब्ध हैं। रंगों की बात करें, तो 95 प्रतिशत लोग हर्बल रंग खरीदना पसंद कर रहे हैं। लोग स्वास्थ्य के प्रति पहले से अधिक जागरूक हुए हैं। अब पक्के रंग की डिमांड सिर्फ पांच प्रतिशत बची है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 की आचार संहिता के मद्देनजर कार्यवाही

### 46 छापे, 46 प्रकरण, 2.86 कीमत की अवैध सामग्री, 419 लीटर मदिरा जप्त, एक हजार 935 किग्रा महुआ लहान जब्त कर मौके पर नष्ट



इंदौर। प्रशासन ने महू के भौंडिया तालाब,महू गांव, विश्वास नगर, चोरल आदि क्षेत्रों में दबिश देकर झाड़ियों एवं गड्ढों में प्लास्टिक के ड्रमों में भरकर छिपा कर रखी भारी मात्रा में कच्ची हाथ भट्टी मदिरा 180 लीटर जब्त की गई। एवं एक हजार 720 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर जब्त कर मौके पर नष्ट किया गया। आरोपियों के विरुद्ध 34(1) क एवं च के 12 प्रकरण कायम किए गए जिसमें विवेचना जारी है। जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 20 लाख 8 हजार रूपये है। कुल 46 स्थानों पर छापे डालकर 46 प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में पंजीबद्ध कर 419 लीटर मदिरा जब्त की गई तथा एक हजार 935 किग्रा महुआ लहान जप्त कर मौके पर नष्ट किया गया। जब्त समस्त सामग्री की कीमत लगभग 2 लाख 86 हजार रूपये है। आबकारी इंदौर द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी है।

## अग्रसेन महासभा का रंगारंग फाग महोत्सव

### ● कल - बॉलीवुड की अनेक हस्तियां आएंगी ● इंडिया गॉट टैलेंट की विजेता टीमों के साथ नाद योग गुरुकुल के कलाकार और अभिनेता जूनियर सलमान खान भी आएंगे

इंदौर। श्री अग्रसेन महासभा का होली मिलन एवं रंगारंग फाग महोत्सव सोमवार, 25 मार्च को सायं 5 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री गार्डन पर 'रंग दे बालीवुड' थीम पर आयोजित होगा। महोत्सव में बॉलीवुड की अनेक नामी हस्तियां और मनोरंजन से जुड़ी टीमों के कलाकार भी आएंगे। होली पर संभवतः यह सबसे बड़ा आयोजन होगा।

महासभा के अध्यक्ष जगदीश बाबाश्री एवं सचिव अखिलेश गोयल ने बताया कि फाग महोत्सव में देश-विदेश के अनेक कलाकार बुलाए गए हैं, जो अपनी कला एवं हुनर का प्रदर्शन कर होली के रंग को नए आयाम देंगे। इन कलाकारों में इंडिया गॉट टैलेंट के विजेता क्रेजी हॉपर ग्रुप, नाद योग गुरूकुल और इनके साथ ही जूनियर सलमान खान, लिटिल सिंघम, चार्ली चैपलिन जैसे कलाकार भी बालीवुड गीतों पर धूम बैंड की प्रस्तुतियों पर थिरकते नजर आएंगे। इसके लिए बाबाश्री रिसोर्ट पर भव्य मंच एवं स्टेज के साथ ही रंगारंग रोशनी एवं विद्युत सज्जा की व्यवस्था की जा रही है। महासभा के तत्वावधान में यह पहला मौका होगा, जब समाज की विभिन्न संस्थाएं और महासभा के सदस्य एक मंच पर जमा होकर फाग महोत्सव का आनंद लेंगे। शहर की सामाजिक संस्थाओं में भी यह पहला भव्य और दिव्य आयोजन हो रहा है, जिसमें भारतीय संस्कृति और कला को बॉलीवुड थीम से जोड़ा गया है। इस मौके पर सबसे पहले सभी अतिथियों का स्वागत केशरिया टीका और सुगंधित इत्र लगाकर किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश केवल आमंत्रितों के लिए होगा। इस शानदार संध्या का समूचा प्रबंधन जीतू गोयल एवं उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है।

## चुनाव में इस्तेमाल होने वाली वोटिंग मशीनों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया

इंदौर। लोकसभा चुनाव के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाली वोटिंग मशीनों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। कुल 9190 मशीनें इस्तेमाल होंगे। विधानसभावार स्ट्रॉन्ग रूम में ये मशीनें पूरी सुरक्षा के साथ रखवाई गई है। यह रेण्डमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में हुआ। इस रेण्डमाइजेशन के पश्चात जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिये ईव्हीएम यानी बैलेट यूनिट (बीयू), कंट्रोल यूनिट (सीयू) तथा वीवीपेट आवंटित की गई।

जिले में उपलब्धता के आधार पर 120 प्रतिशत बीयू, 120 प्रतिशत सीयू तथा 130 प्रतिशत वीवीपेट का प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया। इसमें 20 प्रतिशत बीयू, 20 प्रतिशत सीयू तथा 30 प्रतिशत वीवीपेट रिजर्व के रूप में रहेंगे। रेण्डमाइजेशन के दौरान विधानसभावार ईव्हीएम का वितरण किया गया। इस दौरान जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2486 मतदान केन्द्रों पर रिजर्व सहित 2981 बीयू, 2981 सीयू तथा 3228 वीवीपेट का आवंटन किया गया। जिले के देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में 277 मतदान कन्द्रों में 332 बीयू, सीयू 332 एवं वीवीपेट 360, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-1 में 312 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 374, सीयू 374 एवं वीवीपेट 405, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-2 में 296 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 355, सीयू 355 एवं वीवीपेट 384, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-3 में 193 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 231, सीयू 231 एवं वीवीपेट 250, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 में 211 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 253, सीयू 253, वीवीपेट 274,विधानसभा क्षेत्र इंदौर-5 में 341 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 409, सीयू 409, वीवीपेट 443, डॉ. अंबेडकर नगर महू विधानसभा क्षेत्र में 260 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 312, सीयू 312, वीवीपेट 338, राऊ विधानसभा क्षेत्र में 291 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 349, सीयू 349, वीवीपेट 378 तथा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 305 मतदान केन्द्रों के लिये बीयू 366, सीयू 366, वीवीपेट 396 का आवंटन किया गया।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सद्भावना पाती
शिकायत / पत्र संपादक के नाम
आप किसी समस्या, शिकायत, सुझे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।
सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें
और उस पर शिकायत उपरांत हमें उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।
हम उस शिकायत को दैनिक सद्भावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।
केवल व्हाट्सएप करें, कॉल न करें।

व्हाट्सऐप न. 9685611304
ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com
नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लूमबर्ग को जी एंटरटेनमेंट मामले में सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

जी एंटरटेनमेंट मामले में इंटरनेशनल समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश में ट्रॉयल कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें ब्लूमबर्ग को जी एंटरटेनमेंट के लिए खिलाफ कथित अपमानजनक खबर को हटाने का आदेश दिया गया था।

ट्रायल कोर्ट ने ब्लूमबर्ग को जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ खबर हटाने का निर्देश दिया था। इस फैसले के खिलाफ समाचार एजेंसी ने हाईकोर्ट में अपील की थी। लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। 14 मार्च के हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ ब्लूमबर्ग ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जहां से उन्हें अब राहत मिल गई है।

बता दें, सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने किया था। इस पीठ ने कहा है कि ट्रायल कोर्ट की गलती को हाई कोर्ट ने बरकरार रखा था। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से की एक अपनी रिपोर्ट में कहा था कि मार्केट रेगुलेटरी संस्था सेबी ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के खातों में 240 मिलियन डॉलर की गड़बड़ी की जानकारी मिली है। ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इस पैसे की कोई ट्रांजैक्शन हिस्ट्री नहीं थी। बता दें, जी ने ब्लूमबर्ग के लिए ये रिपोर्ट करने वाले पत्रकारों के खिलाफ भी मुकदमा किया था।

### इनरवियर बनाने वाली कंपनी रूपा ने लॉन्च किया नया कलेक्शन, अब फैशन में लगेगा नेचर का तड़का

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इनरवियर बनाने वाली कंपनी रूपा एंड कंपनी लिमिटेड ने अपने लेटेस्ट वेंचर- को लॉन्च किया है। इसके तहत कंपनी के प्रोडक्ट्स में फैशन के साथ नेचुरल ब्यूटी का फ्लेवर भी दिखेगा। बता दें कि साल 2021 में कलर्स को लॉन्च किया गया था। अब कंपनी अपने बेहतरीन कलेक्शन के साथ स्टाइल को भी बेहतर बना रही है। इसके कलेक्शन में नेचुरल कलर, कपड़ों और स्टाईल्स के सभी क्वालिटी पर फोकस किया गया है।

**इसमें क्या है खास-** कलर्स रूपा कलेक्शन में पुरुषों और बच्चों के लिए आकर्षक इनरवियर से लेकर आकर्षक तौलिये और हैंकी तक के प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। इसे कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है कि पुरुषों के इनरवियर पॉकेट-फ्रेंडली कीमतों पर उपलब्ध हो सकते हैं। कलर्स की फैशनेबल रेंज में जैजी प्रिंट और कई रंगों में ब्रीफ, भेस्ट और ट्रंक शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि कलर्स के जरिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश है। जल्द ही हमारे प्रोडक्ट्स पाइपलाइन से बाहर आने वाला है। कलर्स का कलेक्शन पुरुषों के इनरवियर के लिए नई ऐड-ऑन स्टाइल के साथ, डर्बी वेस्ट का एक स्टाइलिश एडिशन, किंग्स कलेक्शन ट्रंक और नए क्रॉस स्ट्रैप्ड स्टाइलीश भेस्ट के साथ है। रूपा एंड कंपनी लिमिटेड के निदेशक मुकेश अग्रवाल ने कहा-कलर्स बाय रूपा सिर्फ एक फैशन नहीं है। यह हमारे आस-पास की ब्यूटी की अभिव्यक्ति है।

### टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन का शेयर बन गया था रॉकेट, अब कर रहा कंगाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉकेट सी तेजी के बाद टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर लगातार लुढ़क रहे हैं। टाटा इनवेस्टमेंट के शेयर शुक्रवार को 5 पर्सेंट के लोअर सर्किट के साथ 5960.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 10 ट्रेडिंग सेशंस में से 9 सेशन में टाटा इनवेस्टमेंट के शेयर लोअर सर्किट पर रहे हैं। इस हफ्ते टाटा इनवेस्टमेंट के शेयर 21 पर्सेंट से अधिक टूटे हैं। जबकि पिछले हफ्ते टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में 22 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली थी।

टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर 7 मार्च 2024 को 9756 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंचे थे। इस लेवल से कंपनी के शेयरों में 38 पर्सेंट का करेक्शन हो चुका है। कंपनी के शेयर 22 मार्च को 5960.20 रुपये पर बंद हुए हैं। 10 दिन की गिरावट में कंपनी का मार्केट कैप करीब 20000 करोड़ रुपये घट गया है।

# रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद, 48 पैसे लुढ़का

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 48 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 83.61 के सार्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। प्रमुख विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने और एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा, घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। इससे पहले 13 दिसंबर, 2023 को रुपये ने 83.40 का निम्नतम स्तर छुआ था।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोरी के साथ 83.28 पर खुला। दिन के कारोबार में यह 83.65 के निचले स्तर तक आ गया था। पिछले कारोबारी सत्र में घरेलू मुद्रा 83.13 प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले



अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 फीसदी तेजी के साथ 104.32 पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 3,309.76 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

**इन वजहों से मजबूत हुआ डॉलर-** शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, कमजोर यूरो व पाउंड के कारण डॉलर मजबूत हुआ। यूरो में गिरावट इसलिएआई क्योंकि स्विस नेशनल बैंक ने ब्याज दरों में 0.25 फीसदी से लेकर 1.5 फीसदी तक की कटौती कर बाजारों को आश्चर्यचकित कर दिया। इससे जून, 2024 में यूरोपीय सेंट्रल बैंक की ओर से ब्याज दर घटाने की संभावना बढ़ गई है। बैंक ऑफ इंग्लैंड के ब्याज दर 5.25 फीसदी पर स्थिर रखने से पाउंड में भी गिरावट आई। अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने भी डॉलर का समर्थन किया।

### चांदी के दाम 760 रुपये घटे

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच शुक्रवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 875 रुपये सस्ता होकर 67,000 के नीचे आ गया और 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी 760 रुपये सस्ती होकर 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। जेएम फाइनेंशियल एंड ब्लिंककेएक्स के शोध उपाध्यक्ष (कमोडिटी-करेंसी) प्रणव मेर ने कहा, मुनाफावसूली व डॉलर सूचकांक में तेज उछाल के कारण सोने की कीमतें सार्वकालिक उच्चतम स्तर से करीब 2 फीसदी नीचे आ गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना कमजोरी के साथ 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## एमबीए की परीक्षाएं तीन महीने पिछड़ी, अप्रैल माह में करवाने की तैयारी

इंदौर। प्रवेश प्रक्रिया में देरी की वजह से एमबीए पहले सेमेस्टर की परीक्षा से जुड़ी व्यवस्था बिगड़ गई है। जनवरी में होने वाली परीक्षा तीन महीने पिछड़ गई है। अब देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने अगले बुधवार (27 मार्च) को बैठक बुलाने वाला है। उसमें परीक्षा को लेकर चर्चा करने के बाद रूपरेखा बनाई जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक पहले के साथ ही तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा भी करवाएंगे। यह परीक्षा दस दिनों में खत्म की जाएगी, जिसमें दो पेपर के बीच सिर्फ एक दिन का अंतर रखा जाएगा।2023-24 सत्र में डायरेक्टोरेट आफ टेक्नीकल एजुकेशन ने एमबीए पहले सेमेस्टर में नवंबर तक प्रवेश दिया। इसकी वजह से विद्यार्थियों का जनवरी तक पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ। कालेजों ने विश्वविद्यालय को पत्र लिखकर परीक्षा कुछ दिन आगे बढ़ाने की गुहार लगाई। इस बीच विश्वविद्यालय लोकसभा चुनाव के चलते स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में व्यस्त हो गया। अब अप्रैल तीसरे सप्ताह से परीक्षा रखने पर विचार होने लगा है।एमबीए पहले सेमेस्टर में 13 हजार और तीसरे सेमेस्टर में दस हजार छात्र-छात्राएं है। इन सेमेस्टर की परीक्षाओं को पंद्रह दिन में खत्म किया जाएगा। इसके लिए पेपर में छुट्टियों का अंतर कम किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि विश्वविद्यालय ने अप्रैल में एमबीए की सेमेस्टर परीक्षा करवाने की तैयारी कर ली। इनकी आंतरिक परीक्षाएं भी कालेजों को अप्रैल में करवाना होगी।

### मान्यता से रुकी परीक्षाएं

विधि पाठ्यक्रम की मान्यता तीन से चार कालेजों के पास अभी नहीं है। इस वजह से विधि पाठ्यक्रम के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रभावित हो चुकी है। जनवरी में होने वाली एलएलबी, बीएएलएलबी, बीएससीएलएलबी, बीबीएएलएलबी, बीकाम एलएलबी की परीक्षाएं होना थी। इसका शेड्यूल विश्वविद्यालय ने अभी तक नहीं बनाया है। अब विश्वविद्यालय ने एमबीए के साथ ही विधि पाठ्यक्रम के पहले सेमेस्टर की परीक्षा करवाने की रूपरेखा बनाई है। इन पाठ्यक्रम में परीक्षा देने वाले दस हजार विद्यार्थी है।

## चमेली देवी स्कूल में आरटीई के तहत प्रवेश का मामला - छह दिन से चक्कर लगा रहे थे पालक, चला प्रशासन का डंडा

इंदौर। आरटीई के पहले चरण की लाटरी के बाद शुक्रवार को प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तारीख थी। शहर के कुछ नामी स्कूलों में प्रवेश के लिए पहुंचे पालकों को स्कूल प्रबंधन ने प्रवेश देने से साफ मना कर दिया था। दोपहर बाद जिला प्रशासन की टीम चमेली देवी पब्लिक स्कूल और अग्रवाल पब्लिक स्कूल को सील करने पहुंची। कार्रवाई के डर से स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी। कुल मिलाकर प्रवेश दिलाने के लिए जो पालक अपने बच्चों के साथ छह दिनों से स्कूलों के चक्कर लगा रहे थे, उन्हें प्रशासन की सख्ती के बाद महज दो घंटे में ही प्रवेश मिल गया। इधर, शहर के तीन नामी स्कूलों ने शुक्रवार देर रात तक सभी पात्रों को प्रवेश नहीं दिया। शनिवार को प्रशासन इन स्कूलों पर भी कार्रवाई करेगा। जानकारी के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 14 मार्च को आनलाइन लाटरी खोली गई थी। इंदौर जिले के 1 हजार 41 स्कूलों की 4 हजार 788 सीटें पहले चरण में आवंटित हुई। 15 मार्च से पालक प्रवेश प्रक्रिया के लिए स्कूल पहुंचने लगे। चमेली देवी पब्लिक स्कूल में 40 और अग्रवाल पब्लिक स्कूल में 16 सीटों पर लाटरी खोली गई थी। जब पालक यहां प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए पहुंचे तो स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रवेश नहीं देते हुए पालकों को स्कूल परिसर से बाहर करवा दिया था। मामले में पालकों ने कलेक्टर से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक से शिकायत की। इसके बाद बीआरसी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने नोटिस भी जारी किया। कलेक्टर आशीष सिंह ने भी स्कूलों के नाम पत्र जारी किया। बावजूद दोनों स्कूलों ने प्रवेश नहीं दिया। शुक्रवार को चमेली देवी स्कूल में एसडीएम विनोद राठौर और अग्रवाल पब्लिक स्कूल में एसडीएम कल्याणी पांडे दल के साथ स्कूल सील करने पहुंचे।

### रात तक चलती रही प्रवेश प्रक्रिया

स्कूल सील होने के डर से दोनों स्कूलों ने शाम 6 बजे से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पालकों को फोन लगाकर बुलाया। अग्रवाल पब्लिक स्कूल में जहां सभी 16 प्रवेश हो गए, वहीं चमेली देवी पब्लिक स्कूल में रात 8 बजे तक 39 पालक ही नौनिहालों को लेकर पहुंचे। इन सभी की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हुई। वहीं एक पालक बच्चे के अन्य शहर में होने के कारण नहीं पहुंच पाए।

### सुबह दी चेतावनी, शाम को कार्रवाई

एसडीएम पांडे ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के बाद आरटीई के अंतिम दिन शुक्रवार सुबह ही स्कूल को नियमानुसार प्रवेश देने के लिए कहा गया था। दोपहर बाद भी स्कूल प्रबंधन ने जब प्रवेश नहीं दिया तो दल के साथ स्कूल सील करने की कार्रवाई करने पहुंचे थे। लेकिन स्कूल प्रबंधन ने प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके बाद अमला लौट आया।

चमेली देवी स्कूल में कार्रवाई करने पहुंचे एसडीएम विनोद राठौर ने बताया कि सुबह स्कूल प्रबंधन को प्रवेश देने के लिए कहा गया था। दोपहर बाद तक प्रवेश नहीं देने पर दल के साथ कार्रवाई करने स्कूल पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान ही स्कूल प्रबंधन ने प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी। रात 8 बजे तक 40 में से 39 बच्चों को प्रवेश दे दिया गया है। वहीं एक बच्चे को शनिवार सुबह प्रवेश दिया जाएगा। स्कूल की जांच में फायर सेफ्टी के मापदंड भी पूरे नहीं पाए गए हैं। इसलिए स्कूल को नोटिस जारी किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस और नगर निगम की टीम भी मौजूद थी।

### जारी है स्कूलों की मनमानी

प्रशासन की कार्रवाई के डर से चमेली देवी पब्लिक स्कूल और अग्रवाल पब्लिक स्कूल ने तो सभी पात्र नौनिहालों को प्रवेश दे दिया, लेकिन तीन ऐसे भी स्कूल हैं, जिन्होंने अपने हिसाब से बच्चों को प्रवेश दिया है। सिक्का स्कूल स्कीम-78 में 52 पालकों की लाटरी खुली थी। इस पर स्कूल ने 40 नौनिहालों को ही प्रवेश दिया। सत्यसाई स्कूल में 39 बच्चों का प्रवेश होना था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने 24 बच्चों को ही प्रवेश दिया।

इसी तरह सिक्का स्कूल स्कीम-54 में 29 पालकों की लाटरी खुली थी। इसमें से 14 को ही प्रवेश दिया गया है। बीआरसी राजेंद्र तंवर ने बताया कि इन तीनों स्कूलों ने आरटीई के तहत सभी बच्चों को प्रवेश नहीं दिया है। हमने इसकी जानकारी जिला परियोजना समन्वयक शांता स्वामी को दे दी थी।

## Byju's shuts 30 tuition centres, 262 to run on hybrid model as part of cost cutting move

Edtech firm Think and Learn, BYJU's parent firm, has shut x® out of its w~w tuition centres. BYJU's has shut down the centres as part of cost optimisation measures and aims to turn most of the centres profitable in the third year of their operations, the edtech firm said. "BYJU'S is immensely proud of the dedication of its teachers and the performance of its students. BYJU'S focus on quality with efficiency is helping most of its centres turn profitable in their third year. "Ninety per cent of its tuition centres, i.e. w{w out of w~w, will continue to function in this novel hybrid model, integrating the best and the latest technology in the coming years," the company said in a statement. BYJU's said that as the company strives for operational efficiency, it has identified opportunities for improvement for a small percentage of BTCs, which will undergo strategic restructuring to align with BYJU'S long-term vision. "Most of our current students have already signed up for the ne&t academic year (w®wy-wz) and BYJU'S thanks both the students and parents for their trust, confidence and support," the company said. The embattled edtech firm has called the e&traordinary general meeting (EGM) on March w~, to increase authorized share capital of the company following the recent $w®® million rights issue.

## 3 महीने पहले 524 रुपये पर आया आईपीओ, अब 1300 रुपये के पार शेयर, सचिन तेंदुलकर के पास 4.5 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 1332.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। लगातार दूसरे दिन आजाद इंजीनियरिंग के शेयर अपर सर्किट पर रहे हैं। आजाद इंजीनियरिंग के बोर्ड ने गुरुवार को हुई मीटिंग में 2 सहायक कंपनियों को मंजूरी दे दी है। आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1465 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 641.95 रुपये है।

**3 महीने में शेयरों ने किया मालामाल-** आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 524 रुपये के दाम पर आया था। कंपनी का आईपीओ 20 दिसंबर 2023 को खुला था। कंपनी के शेयर 28 दिसंबर 2023 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 710 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद से कंपनी के शेयरों में



अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर 22 मार्च 2024 को 1332.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों में करीब 95 पर्सेंट की तेजी आई है। साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2024 को कंपनी के शेयर 683.45 रुपये पर थे, जो कि 22 मार्च 2024 को 1332.30 रुपये पर पहुंच गए हैं।

**सचिन तेंदुलकर के पास हैं 4.5 लाख शेयर-** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों पर दांव लगाया हुआ है। सचिन तेंदुलकर ने आईपीओ से पहले कंपनी के शेयरों पर 5 करोड़ रुपये लगाए थे। तेंदुलकर के पास कंपनी के 4.5 लाख के करीब शेयर हैं। सचिन तेंदुलकर को शुरुआत में 3423 रुपये प्रति शेयर के दाम पर 14607 शेयर इश्यू किए गए थे। आईपीओ से पहले कंपनी ने स्टॉक स्प्लिट किया और बोनस शेयर भी दिए। इसके बाद सचिन तेंदुलकर के पास 4.5 लाख के करीब शेयर हो गए हैं। सचिन तेंदुलकर के अलावा क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण, बॉक्सिंग चैंपियन निखत जरीन, बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और पीवी सिंधू ने भी कंपनी पर दांव लगाया हुआ है। आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 83 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## जब बेटी की चोट ने आनंद महिंद्रा को दी सीख, कारोबार में भी आजमाते हैं ये फॉर्मूला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अकसर देखा गया है कि देश के कारोबारी, नेता या सेलिब्रेटी इलाज के लिए देश की बजाए विदेश का रुख करते हैं। अपनी बेटी के एक्सीडेंट के मामले में महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी कुछ ऐसा ही किया था। हालांकि, बाद में बेटी का सही इलाज एक भारतीय डॉक्टर ने ही किया। दरअसल, आनंद महिंद्रा ने अटल बिहारी



वाजपेयी स्मृति व्याख्यान में अपनी बेटी के एक हादसे से जुड़ा किस्सा सुनाया है। इस किस्से के जरिए उन्होंने ये बताने की कोशिश की है कि कैसे समस्या के समाधान के लिए अपने आसपास पर गौर करना चाहिए। आनंद महिंद्रा ने उस घटना का जिक्र किया जब उनकी बेटी के हाथ में चोट लग गई थी। इसके लिए माइक्रोसर्जरी की आवश्यकता पड़ी थी। उन्होंने कहा कि भले ही मैंने इलाज के लिए पेरिस और लंदन के प्रसिद्ध सर्जनों का रुख किया लेकिन सफल ऑपरेशन अंततः मुंबई के एक सर्जन डॉ जोशी द्वारा किया गया। आनंद महिंद्रा ने कहा कि सर्जरी के बाद मेरी बेटी के नाखून में हुक लगाने की जरूरत थी, जिसे डॉ. जोशी ने बेहद बारीकी से लगाया। इससे उनकी बेटी को अपनी उंगलियां मूव कराने में मदद मिली।

**क्या मिली सीख-** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा, मैंने यह कहानी इसलिए कही है और इसे दोहराया है क्योंकि इसने मुझे सबक मिली। हम अपने आसपास समाधान की तलाश करें, ये आप ना सोचें कि सबसे अच्छा समाधान विदेश में है। इसका मुझ पर और मेरे करियर पर भी प्रभाव पड़ा। मैं घरेलू तकनीक पर आधारित व्यवसाय में बड़े निर्णय लेने और बड़े दांव लगाने की बात आने पर हिचकिचाता नहीं हूं।

# होली के त्योहार में कारोबारी मस्त, देश भर में 5000000000000 रुपये का कारोबार!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** त्योहार और कारोबार का सीधा संबंध होता है। चाहे किसी भी धर्म का कोई भी त्योहार हो, बाजार में कुछ वस्तुओं और सेवाओं की मांग बढ़ती है। इससे इकोनॉमी को नया बल मिलता है। अब होली को ही देख लें। इस वर्ष होली के त्यौहार से दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों में एक नई उमंग और उत्साह का संचार हुआ है। इस होली जिस तरह से लोग सामान खरीद रहे हैं, उसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले देश भर के व्यापार में लगभग 50 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। अकेले दिल्ली में ही करीब पांच हज़ार करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना है।

आमतौर पर होली में लोग पुए-पकवान, गुजिया, दही वड़ा, पकोड़ी आदि बनाने के लिए ही सामान खरीदते हैं। इन सामानों के लिए मैदा, सूजी, बेसन, चीनी, सूखे मेवे,



मसाले आदि खरीदे जाते हैं। हां, होली के अवसर पर बच्चों के खेलने के लिए पिचकारी अवश्य खरीदी जाती है। इन सब सामानों में चीन की भागीदारी नहीं के बराबर है। छोटे कारोबारियें के संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का कहना है कि पिछले वर्षों की तरह चीनी सामान का न केवल व्यापारियों ने बल्कि आम लोगों ने भी पूर्ण बहिष्कार किया है। संगठन का दावा है कि पहले होली से जुड़े सामानों का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का होता था, जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा है।

**नए तरह की पिचकारियां-** इस बार बाजार में अलग-अलग तरह की पिचकारी गुब्बारे और अन्य आकर्षक आइटम आए हैं। प्रेशर वाली पिचकारी 100 रुपये से 350 रुपये तक की उपलब्ध है। टैंक के रूप में पिचकारी 100 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में उपलब्ध है। हथौड़े और टैंक के रूप में भी पिचकारी दिख रही है। इसके अलावा फैंसी पाइप की भी बाजार में धूम मची है। बच्चे स्पाइडर मैन, छोटा भीम आदि को बच्चे खूब पसंद कर रहे है वहीं गुलाल के स्प्रे की मांग बेहद हो रही है।

### इस बार बाजार में क्या बिक रहे हैं

कैट के महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि इस बार होली की त्योहारी बिक्री में चीन का बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया। इस समय बाजार में भारत में ही निर्मित हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन , पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों की जमकर बिक्री हो रही है। इसके साथ ही गुजिया जैसी मिठाइयां, ड्राई फ्रूट , गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े , फ़र्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी ज़बरदस्त मांग बाज़ारों में दिखाई दे रही है।

### बैंक्वेट हॉल में भी होली का आयोजन

गली-मोहल्लों में अब उतनी खुली जगह नहीं बची, जितनी पहले होती थी। तभी तो अब शादियां बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस और होटलों में होने लगी। इसी तरह कुछ अमीर-उमरा लोग अब होली समारोहों के आयोजन के लिए भी बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस, होटलों , रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक पार्कों में होली समारोह का आयोजन कर रहे हैं। खंडेलवाल का कहना है कि इस सेक्टर ने दो वर्ष के बाद अच्छे व्यापार के दिन देखे हैं। सिर्फ दिल्ली की बात करें तो इस जगह छोटे-बड़े, कुल मिलाकर तीन हज़ार से ज़्यादा होली मिलन समारोह आयोजित हो रहे हैं। इसमें लोग मिलते-जुलते हैं, होली खेलते हैं और खाना-पीना करते हैं।

### कब है होली

खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली में इस बार 24 मार्च को होली जलाई जाएगी जबकि रंगों का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। होली के रंग में बाजार भी रंगे हुए नजर आने लगे हैं। बाजार में रंग बिरंगे गुलाल और पिचकारी के अलावा गुजिया के हार और मेवा से दुकानें सजी हुई है। बाजार में खरीददारी के लिए लोगों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।



# इस साल कब है होली? जानिए होलिका दहन का मुहूर्त और पूजा विधि

होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। बसंत का महीना लगने के बाद से ही इसका इंतजार शुरू हो जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। घरों में गुझिया और पकवान बनते हैं। लोग एक दूसरे के घर जाकर रंग-गुलाल लगाते हैं और होली की शुभकामनाएं देते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल होली की सही तारीख और शुभ मुहूर्त क्या है...

## पूर्णिमा तिथि

फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा।

## होलिका दहन 2024

24 मार्च को होलिका दहन है। इस दिन होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त देर रात 11 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक है। ऐसे में होलिका दहन के लिए आपको कुल 1 घंटे 14 मिनट का समय मिलेगा।

## कब है होली 2024

होलिका के अगले दिन होली मनाई जाती है, इसलिए इस साल 25 मार्च को होली है। इस दिन देशभर में धूमधाम से होली मनाई जाएगी।

## होलिका दहन पूजा की विधि

- होलिका दहन की पूजा करने के लिए सबसे पहले स्नान करना जरूरी है।
- स्नान के बाद होलिका की पूजा वाले स्थान पर उत्तर या पूरब दिशा की ओर मुंह करके बैठ जाएं।
- पूजा करने के लिए गाय के गोबर से होलिका और प्रहलाद की प्रतिमा बनाएं।
- वहीं पूजा की सामग्री के लिए रोली, फूल, फूलों की माला, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी,.मूंग, बताशे, गुलाल नारियल, 5 से 7 तरह के अनाज और एक लोटे में पानी रख लें।
- इसके बाद इन सभी पूजन सामग्री के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा करें। मिठाइयां और फल चढ़ाएं।
- होलिका की पूजा के साथ ही भगवान नरसिंह की भी विधि-विधान से पूजा करें और फिर होलिका के चारों ओर सात बार परिक्रमा करें।





# ब्रज-वृंदावन ने जीवंत रखा है होली की प्राचीन परंपराओं को

**आज के समय की तथाकथित भौतिकवादी सोच एवं पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव, स्वार्थ एवं संकीर्णताभरे वातावरण से होली की परंपरा में बदलाव आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी और मस्ती को प्रभावित भी किया है, लेकिन आज भी बृजभूमि ने होली की प्राचीन परंपराओं को संजोए रखा है। यह परंपरा इतनी जीवंत है कि इसके आकर्षण में देश-विदेश के लाखों पर्यटक ब्रज-वृंदावन की दिव्य होली के दर्शन करने और उसके रंगों में भीगने का आनंद लेने प्रतिवर्ष यहां आते हैं।**

होली नई फसलों का त्योहार है, प्रकृति के रंगों में सराबोर होने का त्योहार है। राधा-कृष्ण के जीवनकाल से ही अनुराग के इस त्योहार को ब्रज के गांव-गांव, घर-घर में लोग राग-रंग, मौज-मस्ती, हास-परिहास, गीत-संगीत के साथ परंपरा से आज तक मनाते आ रहे हैं। ब्रज में ऐसा कोई हाथ नहीं होता, जो गुलाल से न भरा हो व पिचकारियों के सुगंध भरे रंग से सराबोर न हो।

*मति मारौ श्याम पिचकारी, अब देऊंगी गारी।*
*भीजेगी लाल नई अंगिया, चूंदर बिगरैगी न्यारी।*
*देखेंगी सास रिसाएगी मोपै, संग की ऐसी है दारी।*
*हंसेगी दै-दै तारी।*

ब्रज की होली की रसधारा से जुड़ा एक तीर्थ है बरसाना। फागुन शुक्ल नवमी के दिन नंदगांव के हुरिहारे कृष्ण और उनके सखा बनकर राधा के गांव बरसाने जाते हैं। बरसाने की ललनाएं राधा और उसकी सखियों के धर्म का पालन कर नंदगांव के छैल छकनिया हुरिहारिरों पर रंग की बौछार करती हैं।

*फाग खेलन बरसाने आए हैं*
*नटवर नंद किशोर घेर लई सब गली रंगीली।*
*छाय रही छवि घटा रंगीली।*
*ढप-ढोल मृदंग बजाए है। बंशी की घनघोर।*

बुंदेली फागों के एकछत्र सम्राट हैं लोककवि ईसुरी। ईसुरी ने अपनी प्रेमिका 'रजउ' को अपने कृतित्व में अमर कर दिया। ईसुरी ने फागों की एक विशिष्ट शैली 'चौघड़िया फाग' को जन्म दिया। हम अपनी फाग चर्चा चौघड़िया फागों से ही आरंभ करते हैं।

ईसुरी ने अपनी प्राकृत प्रतिभा से ग्रामीण मानव मन के उच्छ्वासों को सुर-ताल के साथ समन्वित कर उपेक्षित और अनचीन्ही लोक भावनाओं को इन फागों में पिरोया है।

*हमखां बिसरत नहीं बिसारी, हेरन-हंसन तुमारी।*
*जुबन विशाल चाल मतवारी, पतरी कमर इकारी।*
*भौंह कमान बान से तानें, नजर तिरीछी मारी।*
*'ईसुर' कान हमारी कोदी, तनक हरे लो प्यारी।*

मूलतः होली का त्योहार प्रकृति का पर्व है। इस पर्व को भक्ति और भावना से इसीलिए जोड़ा जाता है ताकि प्रकृति के इस रूप से आदमी जुड़े और उसकी अमूल्य धरोहरों को समझे जिनसे ही आदमी का जीवन है। मनुष्य का जीवन अनेक कष्टों और विपदाओं से भरा हुआ है। वह दिन-रात अपने जीवन की पीड़ा का समाधान ढूंढने में जुटा रहता है। इसी आशा और निराशा के क्षणों में उसका मन व्याकुल बना रहता है। ऐसे ही क्षणों में होली जैसे पर्व उसके जीवन में आशा का संचार करते हैं।

भारत के बढ़ते जल संकट के मद्देनजर हमें पानी बचाने के लिए एकसाथ मिलकर काम करना चाहिए और होली जैसे अवसर पर पानी की बर्बादी रोकना चाहिए। होली खेलने वालों ने अगर प्राकृतिक रंग या गुलाल से होली खेली तो कुल 36 लाख 95 हजार 518 लीटर पानी की बचत होगी। धरती पर लगभग 6 अरब की आबादी में से 1 अरब लोगों के पास पीने को भी पानी नहीं है। जब मनुष्य इतनी बड़ी आपदा से जूझ रहा हो तो ऐसे में हमें अपने त्योहारों को मनाते वक्त संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। इस होली पर जितना संभव हो, अधिक से अधिक पानी बचाने का संकल्प लें। सभी को प्यार के रंग में रंग देने वाले होली के त्योहार पर हर व्यक्ति अपने और दूसरों के जीवन में खुशियों के रंग भर देना चाहता है। कोई अबीर-गुलाल से तो कोई पक्के रंग और पानी से होली खेलता है, लेकिन आज भी कुछ लोग हैं, जो प्रकृति से प्राप्त फूल-पत्तियों व जड़ी-बूटियों से रंग बनाकर होली खेलते हैं। उनके अनुसार इन रंगों में सात्विकता होती है और ये किसी भी तरह से हानिकारक नहीं होते। होली के अवसर पर छेड़खानी, मारपीट, मादक पदार्थों का सेवन, उच्छृंखलता आदि के जरिए शालीनता की हदों को पार कर दिया जाता है। यह अनुचित है। होली का पर्व भेदभाव को भूलने का संदेश देता है, साथ ही यह मानवीय संबंधों में समरसता का विकास करता है। आवश्यकता है कि होली के वास्तविक उद्देश्य को आत्मसात किया जाए और उसी के आधार पर इसे मनाया जाए।





# शुभ योग के दुर्लभ संयोग में मनेगी होली

होली रंगों तथा हंसी-खुशी का त्योहार है. यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को पूरे देश भर में मनाया जाता है. फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन करने की परंपरा है. वहीं अगले दिन चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि में रंगों वाली होली खेलने का विधान है. इस साल होली 25 मार्च 2024 दिन सोमवार के दिन मनाई जाएगी, जबकि होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा. होलिका दहन के समय भी कथा करने का विधान है. धार्मिक मान्यता है कि होलिका दहन के दौरान कथा पढ़ने या सुनने से घर में सुख-समृद्धि आती है. इसके साथ ही होली पर पीली सरसों के जरिए मां लक्ष्मी को प्रसन्न किया जा सकता है, इसके लिए होलिका दहन पर पीली सरसों से हवन करने का विधान है. होलिका दहन पूर्णिमा तिथि के प्रदोष काल और रात्रि काल में करने का विधान है. वहीं होली चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि में खेली जाती है, इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी और पूर्णिमा तिथि का समापन अगले दिन 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा. इस साल होलिका दहन 24 मार्च दिन रविवार को किया जाएगा. वहीं अगले दिन 25 मार्च दिन सोमवार को होली मनाई जाएगी. 24 मार्च को होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त देर रात 11 बजकर 13 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक है. होलिका दहन के लिए आपको कुल 1 घंटे 14 मिनट का समय मिलेगा.

होलिका दहन की मुख्य कथा

होली के पर्व से अनेक कहानियां जुड़ी हुई हैं, इनमें से सबसे प्रसिद्ध कहानी है प्रह्लाद की. धार्मिक मान्यता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नाम का एक अत्यंत बलशाली असुर था. जो अपने बल के अहंकार में वह स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा था. हिरण्यकशिपु अपने राज्य में ईश्वर का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी. हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद ईश्वर भक्त था. प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति से क्रुद्ध होकर हिरण्यकशिपु ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु उसने ईश्वर की भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा. हिरण्यकश्यप ने भक्त प्रहलाद को बुलाकर राम का नाम न जपने को कहा तो प्रहलाद ने स्पष्ट रूप से कहा, पिताजी! परमात्मा ही समर्थ है. प्रत्येक कष्ट से परमात्मा ही बचा सकता है. मानव समर्थ नहीं है. यदि कोई भक्त साधना करके कुछ शक्ति परमात्मा से प्राप्त कर लेता है तो वह सामान्य व्यक्तियों में तो उत्तम हो जाता है, परंतु परमात्मा से उत्तम नहीं हो सकता है. इतना सुनते ही अहंकारी हिरण्यकश्यप क्रोध से लाल पीला हो गया. हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती. हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ जाए. आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, लेकि प्रह्लाद बच गया. ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है. प्रह्लाद की कथा के अतिरिक्त यह पर्व राक्षसी ढुंढी, राधा कृष्ण के रास और कामदेव के पुनर्जन्म से भी जुड़ा हुआ है. कुछ लोगों का मानना है कि होली में रंग लगाकर, नाच-गाकर लोग शिव के गणों का वेश धारण करते हैं और शिव की बारात का दृश्य बनाते हैं. कुछ लोगों का यह भी मानना है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन पूतना नामक राक्षसी का वध किया था, इसी खुशी में गोपियों और ग्वालों ने रासलीला की और रंग खेला था.

## होली पर चंद्र ग्रहण का साया

साल 2024 का पहला चंद्र ग्रहण 25 मार्च को पड़ रहा है और इस दिन होली का भी त्योहार है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार एक निश्चित समय के अंतराल पर सूर्य और चंद्र ग्रहण पड़ते हैं। इस बार होली पर चंद्र ग्रहण का साया रहेगा। भारतीय समय के अनुसार यह चंद्र ग्रहण 25 मार्च को सुबह 10 बजकर 23 मिनट से शुरू होगा जो दोपहर 3 बजकर 02 मिनट तक रहेगा। यह एक उपछाया चंद्र ग्रहण होगा। उपछाया चंद्र ग्रहण होने के कारण इसकी कोई धार्मिक मान्यता नहीं होगी यानी इसमें सूतक काल मान्य नहीं होगा। इस चंद्र ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा।

# भारत में रंगों का उत्सव होली मनाने का एक अलग है अंदाज

**भारत में कई स्थानों पर होली का त्योहार मनाया जाता है। चूँकि, भारत एक बड़ा देश है, इसलिए प्रत्येक शहर का रंगों का उत्सव मनाने का एक अलग अंदाज और तरीका है।**

मथुरा की होली भारत के अन्य क्षेत्रों में मनाई जाने वाली होली से काफी अलग है। इस क्षेत्र में यह त्योहार होली की औपचारिक शुरुआत से 40 दिन पहले शुरू हो जाता है। वे पर्यटक जो पारंपरिक होली के जश्न का आनंद उठाना चाहते हैं उनके लिए यह स्थान सबसे आदर्श है। ऐसी मान्यता है कि भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था, इसलिए यह शहर भारतीय भक्तगणों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शांति निकेतन उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो स्थानीय नृत्य कलाएं सीखना चाहते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहते हैं। चूँकि, इस क्षेत्र में बहुत सक्रिय पर्यटन विभाग है, इसलिए यह कई विदेशियों को आकर्षित करता है।

**पेरुली में** होली का जश्न लोक उत्सव पर आधारित होता है जो उस क्षेत्र की पारंपरिक कला और संगीत को प्रदर्शित करता है। चूँकि, पेरुली एक ग्रामीण इलाका है, इसलिए यहाँ मनाया जाने वाला जश्न बड़े भारतीय शहरों में मनाए जाने वाले होली के जश्न से पूरी तरह अलग होता है।

**आनंदपुर साहिब में** सिख जनसंख्या अपने अंदाज में होली का त्योहार मनाती है। रंग फेंकने के बजाय, इस क्षेत्र के लोग असाधारण मार्शल आर्ट्स प्रदर्शन और प्रतियोगिता आयोजित करते हैं। भारत के इस क्षेत्र में कुश्ती प्रतियोगिताएं और कलाबाजी के प्रदर्शन सामान्य हैं। अद्भुत होली के जश्न की तलाश में आने वाले पर्यटकों के लिए जयपुर सबसे अच्छी जगह है। इस शहर में रंगों का उत्सव हाथियों और सुंदर संगीत पर केंद्रित होता है।

**आधुनिक होली के जश्न के लिए दिल्ली** सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। दिल्ली में उत्सव का आनंद लेने के लिए आने वाले लोग सबसे लोकप्रिय गतिविधियों, संगीत और भोजन का आनंद उठा सकते हैं।


होली एक जीवंत त्योहार है जो भारतीय लोगों को अपने दोस्तों और परिजनों के साथ मजेदार गतिविधियों में हिस्सा लेने का अवसर देता है। होली का जश्न होली से एक दिन पहले होलिका दहन के साथ ही शुरू हो जाता है। पारंपरिक रूप से, सर्दी के समापन के प्रतीक के रूप में लकड़ियाँ और सूखे पत्ते एकत्रित करके अलाव में आग जलाना पुरुषों और लड़कों का कार्य होता है। दुर्भाग्य से, होलिका जलाने के लिए हरे-भरे पेड़ों को काटने के साथ वर्तमान में इस परंपरा में परिवर्तन हो रहा है। होली के रंग बहुत विशेष होते हैं और इस दिन का उत्साह बढ़ा देते हैं। पुराने जमाने में, लोगों को लगाने के लिए प्रयोग किये जाने वाले रंग प्राकृतिक होते थे लेकिन अब उनमें से कई रंग कृत्रिम होते हैं और कुछ रंगों में घातक रसायन भी होते हैं जिसकी वजह से कुछ लोगों की त्वचा पर जलन होने लगती है। होली के जश्न के दौरान, लोग एक-दूसरे पर सुगंधित, रंगीन गुलाल डालते हैं।



दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, रविवार 24 मार्च, 2024



# मुझे लगता है कि गायकवाड़ की कप्तानी बहुत प्रभावशाली थी : सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी की शुरुआत की सराहना की, और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरुआती मैच में उनके शानदार गेंदबाजी बदलाव को श्रेय दिया।

मुस्तफिजुर रहमान ने सीएसके के लिए अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपने स्पैल की पहली दस गेंदों में चार विकेट लेकर आरसीबी के शीर्ष बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। सीएसके ने आरसीबी को 20 ओवर में 173 रन पर रोकने के बाद छह विकेट से हरा दिया। गायकवाड़ का रणनीतिक कौशल चमक गया क्योंकि उन्होंने अपने गेंदबाजों का चतुराई से उपयोग किया, विशेष रूप से मुस्तफिजुर रहमान को सटीकता के साथ तैनात किया और मैच के महत्वपूर्ण चरण के दौरान तुषार देशपांडे पर विश्वास बनाए रखा। गावस्कर ने गायकवाड़ के धैर्य और निर्णय लेने की क्षमता की सराहना की और युवा कप्तान के मार्गदर्शन में अनुभवी एमएस धोनी के प्रभाव पर प्रकाश डाला। गावस्कर ने क्रिकेट लाइव में कहा,बिल्कुल! एक कप्तान के तौर पर आपका डेब्यू काफी अहम हो जाता है। आप जीत के साथ अपने कप्तानी करियर की अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं और वैसा ही हुआ। जो बात प्रभावशाली थी वह था उनका गेंदबाजी में बदलाव। जिस तरह से उन्होंने मुस्तफिजुर का इस्तेमाल किया वह बिल्कुल शानदार था। उन्होंने कहा, वह अंतिम ओवर के लिए तुषार देशपांडे पर भरोसा रखते हुए, दीपक चाहर की जगह लेते रहे।

मुझे लगता है कि यह देखते हुए कि तुषार देशपांडे के ओवर में 25 रन पड़े, किसी अन्य गेंदबाज का उपयोग करने का अवसर था, लेकिन वह फिर भी तुषार देशपांडे पर अड़ा रहा, और देशपांडे ने शानदार अंतिम ओवर के साथ जवाब दिया। तो, हाँ, मुझे लगता है कि कप्तानी सबसे प्रभावशाली थी। और हम यहां देखते हैं, निश्चित रूप से, उनके मार्गदर्शन के लिए उनके आसपास एमएस धोनी हैं। शॉर्ट गेंदों को नियोजित करने की आरसीबी की आक्रामक रणनीति के बावजूद, गावस्कर ने इसकी एक-आयामी प्रकृति पर ध्यान दिया, यह सुझाव देते हुए कि उनके दृष्टिकोण में भिन्नता की कमी महंगी साबित हुई।

हर तरह से शॉर्ट बॉल आज़माएं, लेकिन जब यह काम नहीं कर रही थी... तो ऐसा लगा कि वे बस यही करना चाह रहे थे। आपके पास डागर जैसा कोई था, जिसने 6 छह रन देकर 2 ओवर फेंके थे। मैं जानता हूं कि बाएं हाथ के स्पिनर को 6 रन के लिए कैसे चुना जा सकता है, लेकिन आपको एक मौका लेना होगा। जो कुछ उन्होंने किया, जोसेफ, ग्रीन, सिराज, हर कोई संक्षेप में बताता है। गावस्कर ने कहा,क्या हो रहा था कि यदि आपको बाउंसर सही से नहीं मिलती है, तो आप इसे वाइड दे देंगे, जिसका मतलब है कि आप एक अतिरिक्त रन दे रहे हैं, आप एक अतिरिक्त डिलीवरी करने जा रहे हैं। तो, आपका बाउंसर बहुत सटीक होना चाहिए, और ऐसा नहीं था। वह एक-आयामी रणनीति वास्तव में निराशाजनक थी।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने कहा कि सीएसके ने अपने घरेलू फायदे का फायदा उठाया, आरसीबी की बल्लेबाजी लाइनअप को प्रभावी ढंग से दबाव में रखा और पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा। मुस्तफिजुर रहमान के शानदार प्रदर्शन के साथ-साथ पूरी सीएसके टीम के योगदान ने येलो आर्मी के लिए व्यापक जीत सुनिश्चित की।मुझे लगता है कि यह शायद चेन्नई के लिए एक आदर्श शुरुआत है।



IPL के पहले मैच में ही विवाद

## विराट कोहली ने सरेआम दी रचिन रविंद्र को अपशब्द कहे

**चेन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का ओपनिंग मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच बीते 22 मार्च को खेला गया। इस मैच में चेन्नई ने आसानी से आरसीबी को 6 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का बल्ला खामोश रहा। वह 19 गेंद में 21 रन ही बना पाए। आईपीएल में हर साल एक से बढ़कर एक विवाद देखने को मिलते हैं।यह तकरार और गरमा गर्मी इस साल हमें पहले मैच में देखने को मिल गई। किंग कोहली ने सरेआम रचिन रविंद्र के लिए अपशब्द का इस्तेमाल किया।

### विराट कोहली ने लाइव मैच में दी रचिन रविंद्र को गाली

न्यूजीलैंड के युवा और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने आरसीबी के खिलाफ चेन्नई के लिए खेलते हुए अपना डेब्यू किया। रविंद्र ने पहले मैच में ही अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 15 गेंद में ताबड़तोड़ 37 रन बनाए। हालांकि उन्हें अनुभवी भारतीय लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने अपने जाल में फंसा लिया और आउट कर दिया। वहीं जब रचिन रविंद्र आउट हुए तो बाउंड्री पर खड़े विराट कोहली का एग्रेशन सामने आया। उन्होंने बाउंड्री से खड़े-खड़े रचिन रविंद्र को डगआउट में जाने का इशारा किया।

IPL 2024

# विराट ने रचा इतिहास

## आईपीएल में दो टीमों के खिलाफ 1000+ रन बनाने वाले पहले भारतीय बने



**चैन्नई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के पहले लीग मैच में सीएसके के खिलाफ विराट कोहली ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। उन्होंने इस मैच में 20 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 21 रन की पारी खेली और आउट हो गए। विराट कोहली ने इस छोटी पारी के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल में 1000 रन बनाने का कमाल किया तो वहीं उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में भी अपने 12,000 रन पूरे कर लिए।

सीएसके के खिलाफ 1000 रन पूरा करते ही विराट कोहली ने इस लीग में इतिहास रच दिया और पहले ऐसे भारतीय बल्लेबाज बने जिन्होंने आईपीएल में दो टीम के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया।

आईपीएल में विराट कोहली ने दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अब तक 1030 रन बनाए हैं तो वहीं सीएसके के खिलाफ उनके रनों की संख्या 1006 हो चुकी है। अब कोहली इस लीग में दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

वैसे आईपीएल में विराट कोहली से पहले डेविड वॉर्नर दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बना चुके हैं, लेकिन बतौर विदेशी बल्लेबाज उन्होंने यह कमाल किया है। वैसे ओवरऑल अगर बात करें तो वॉर्नर के बाद कोहली इस लीग में दो टीमों के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

डेविड वॉर्नर ने इस लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ 1105 रन बनाए हैं तो वहीं उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध अब तक 1075 रन बनाए हैं। इसके अलावा शिखर धवन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 1057 रन बनाए हैं तो वहीं रोहित शर्मा ने भी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 1040 रन बनाए हैं। आईपीएल में कुल 4 बल्लेबाज अब तक ऐसे हैं जिन्होंने एक टीम के खिलाफ 1000 या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया है।

**आईपीएल में एक टीम के खिलाफ 1000प्लस रन बनाने वाले बल्लेबाज**

1105 रन — डेविड वॉर्नर बनाम पीबीकेएस
1075 रन — डेविड वॉर्नर बनाम केकेआर
1057 रन — शिखर धवन बनाम सीएसके
1040 रन — रोहित शर्मा बनाम केकेआर
1030 रन — विराट कोहली बनाम डीसी
1006 रन — विराट कोहली बनाम सीएसके

# एरेना-आईबीए ट्रॉफी इंदौर जिला सब जूनियर, मिनी रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा 29 मार्च से

इंदौर। एरेना बैडमिंटन क्लब और इंदौर बैडमिंटन एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के तहत आयोजित पहली एरेना-आई बी ए ट्राफी इंदौर जिला सब जूनियर और मिनी बैडमिंटन रैंकिंग स्पर्धा 31 मार्च से 3 अप्रैल तक होगी।

इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर.पी.सिंह नैयर और एरेना क्लब निदेशक सुनील सातव ने बताया कि 15, 13, 11 और 9 वर्ष बालक और बालिका वर्ग की यह जिला रैंकिंग स्पर्धा एरेना- आई बी ए बैडमिंटन क्लब (एरेना-2) स्कीम 54, विजय नगर में होगी। एकल और युगल मुकाबले खेले जाएंगे, प्रविष्टियां 29 मार्च तक स्पर्धा सचिव सत्येंद्र होल्कर, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सह सचिव धर्मेश यशलहा, कोषाध्यक्ष विशाल चांदवानी, सुधांशु व्यास, रुबी नैयर , शालिनी परदेशी को दी जा सकती हैं। यह स्पर्धा इंदौर जिला टीम चयन का आधार भी रहेगी।



शायद इस मैदान पर मेरा आखिरी मैच था...

# कार्तिक ने संन्यास पर तोड़ी चुप्पी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का आगाज हो चुका है, जिसमें गतविजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने जीत के साथ शुरुआत की है।

इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने मैच के बाद अपने बयान से ये संकेत दिया है कि ये उनका आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है। कार्तिक ने कहा कि यह उनका चेपॉक स्टेजियम में अंतिम मैच हो सकता है, यदि उनकी टीम प्लेऑफ में पहुंचती है और यहां पर मुकाबला होता है तो उसी स्थिति में उन्हें इस मैदान पर खेलने का मौका मिलेगा। आईपीएल में कार्तिक अब तक 6 टीमों का हिस्सा रह चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में मिली 6 विकेट से हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए दिनेश कार्तिक ने कहा कि कमेंट्री करते हुए टेस्ट मैचों के बीच क्रिकेट खेलने के लिए समय निकालना बेहद मुश्किल था।

मुझे जो भी समय मिलता था उसमें मैं कड़ी मेहनत करता था। इसलिए मुझे खुशी है कि मैं पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा। कुछ रन बनाकर अच्छा महसूस हो रहा है।

मुझे उम्मीद है कि हमारी टीम प्लेऑफ में इस बार जगह बनाने में सफल होगी यहां प्लेऑफ के मैच खेले जाएंगे और मैं उनके लिए वापस यहां आ सकता हूं जो मेरा यहां अंतिम मैच हो सकता है, लेकिन यदि मैं ऐसा करने में सफल नहीं हो सका तो ये चेपॉक पर मेरा आखिरी मैच होगा।

### आरसीबी को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में निभाई अहम भूमिका

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आईपीएल के 17वें सीजन के अपने पहले मुकाबले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक समय 78 के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से दिनेश कार्तिक ने अनुज रावत के साथ मिलकर ना सिर्फ पारी को संभाला बल्कि टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका अदा की।

कार्तिक ने 26 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 38 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसके चलते आरसीबी 20 ओवरों में 173 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब हो सकी।

# पाकिस्तान क्रिकेट में पसरा मातम, इस दिग्गज का हुआ निधन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। पाकिस्तान क्रिकेट के एक दिग्गज ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। इस दिग्गज ने 89 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। बता दें ये दिग्गज पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार थे और लंबे समय से बीमार चल रहे हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके फैंस के साथ ये खबर शेयर की है। भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती सालों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। बता दें वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे। इसके अलावा वह भारत और यूनाइटेड किंगडम में पाकिस्तान के उच्चायुक्त भी रहे। शहरयार पहली बार 2003 से 2006 के बीच पीसीबी के अध्यक्ष बने। इस बीच भारतीय टीम ने दो बार पाकिस्तान का दौरा किया था। इसके बाद उन्होंने 2014 से 2017 तक भी पीसीबी प्रमुख का जिम्मा संभाला था।



पाकिस्तान टीम के मैनेजर भी रहे शहरयार खान पाकिस्तान के 1999 के भारतीय दौरे तथा 2003 में वनडे वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान टीम के मैनेजर रहे थे। वह भोपाल के शाही परिवार से संबंध रखते थे। पीसीबी के वर्तमान अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीसीबी की तरफ से मैं पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान के निधन पर गहरी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं। वह एक अच्छे प्रशासक थे और उन्होंने अत्यंत समर्पण के साथ पाकिस्तान क्रिकेट की सेवा की। पाकिस्तान क्रिकेट देश में खेल के विकास में उनकी सेवाओं के लिए शहरयार खान का कर्जदार रहेगा।

# शाहरुख, दीपिका और आलिया के साथ काम



मीन गर्ल्स में अपनी भूमिका के लिए मशहूर भारतीय-अमेरिकी एक्ट्रेस अवंतिका वंदनापू भारतीय सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान की दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और वीर जारा जैसी फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं। हिंदी सीरीज बिग गर्ल्स डोंट क्राई में नजर आने वाली अवंतिका ने कहा, एक बाल कलाकार के रूप में अपनी जड़ों से निकलकर भारत लौटना और अब बिग गर्ल्स डोंट क्राई जैसी हिंदी सीरीज में काम करना सपने सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मैं बचपन से ही यश चोपड़ा की चांदनी, वीर जारा, डीडीएलजे, डर जैसी फिल्में देख रही हूं और मुझे भारतीय सिनेमा से प्यार हो गया है। मेरे मन में बॉलीवुड में काम करने की इच्छा पैदा हुई। मुझे रंग, भावनाएं और खुशमिजाज भारतीय फिल्में पसंद हैं और मैं उनका हिस्सा बनने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। अवंतिका का जन्म एक भारतीय, तेलुगु भाषी परिवार में हुआ था। उन्होंने कई हॉलीवुड परियोजनाओं में काम कर अपनी पहचान बनाई, जिनमें मीन गर्ल्स, स्पिन और सीनियर इयर्स शामिल हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ काम करना पसंद करेंगी। एक्ट्रेस ने कहा, मैं शाहरुख खान, दीपिका, आलिया और कई कलाकारों को देखकर बड़ी हुई हूं। मैं उनके साथ काम करना पसंद करूंगी।

# ऋतिक ने अनन्या को कहा कि आप स्टार हैं




पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिकने लिखा कि कुछ दिन पहले खो गये हम कहां देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है। फिल्म अर्जुन, जोया अख्तर, रीमा कागती ने लिखी है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, अख्तर, कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है। अनन्या की अगली फिल्म कॉल मी बे, कंट्रोल और द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर हैं।



## तमन्ना ने डेयरिंग पार्टनर्स में अपने किरदार के बारे में दी जानकारी

पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया अपने आगामी प्रोजेक्ट डेयरिंग पार्टनर्स को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जिसमें वह डायना पेंटी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा कर रही हैं। डेयरिंग पार्टनर्स दो बेस्ट फ्रेंड्स की कहानी है, जो एक अल्कोहल स्टार्ट-अप पार्टनर्स के रूप में एक डेरिंग जर्नी शुरू करते हैं। यह सीरीज़ मेल डोमिनटेड इंडस्ट्री के अंदर चुनौतीपूर्ण मानदंडों, नियमों को बदलने और अपने भाग्य को गढ़ने की उनकी यात्रा को उजागर करती है। एक्ट्रेस ने कहा डेरिंग पार्टनर्स बहुत खूबसूरती से लिखी गई है। यह कैरेक्टर प्ले करना बहुत ही डिलीशियस है।उन्होंने साझा किया और कहा कि यह शो सत्ता में दो मजबूत और सशक्त महिलाओं के बारे में है, जिन्हें देखना मजेदार होगा। अभिनेत्री, जिन्होंने कहा कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं, ने एनपोलोजेटिक महिलाओं और उनकी यात्रा को प्रदर्शित करने वाले कॉन्टेंट को सपोर्ट करने के लिए करण जौहर को भी धन्यवाद दिया। अर्चित कुमार और निशांत नाइक द्वारा निर्देशित डेयरिंग पार्टनर्स में जावेद जाफ़री भी हैं। फिल्म को नंदिनी गुप्ता, मिथुन गंगोपाध्याय और अर्श वोरा ने लिखा है।

सद्भावना पाती

इंदौर, रविवार 24 मार्च, 2024



# ओबीसी भारतीय महागठबंधन ने इंडी गठबंधन का किया समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत जनगणना कराने का वादा शामिल करते हुए आबादी के हिसाब से भागीदारी देने की राहुल गांधी की घोषणा के मद्देनजर 30 से अधिक पार्टियों-संगठनों के ओबीसी भारतीय महागठबंधन ने 2024 के चुनाव में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए का समर्थन करने का एलान किया है।

इन पार्टियों के प्रमुख नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात के बाद विपक्ष को समर्थन देने की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष के सरकारी आवास 10 राजाजी मार्ग पर करीब डेढ घंटे तक ओबीसी भारतीय महागठबंधन में पार्टियों के नेताओं से हुई चर्चा के बाद मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के साथ पत्रकारों से रूबरू होते हुए इस महागठबंधन के अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कांग्रेस के साथ आईएनडीआईए में शामिल पार्टियों को




बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की। सैनी ने कहा कि हम सभी राजनीतिक दल एक ही बात कह रहे थे कि हमें हमारी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। राहुल ने जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वे के आधार पर लोगों को न्याय दिलाने की आवाज बुलंद की है और भारतीय महागठबंधन इसलिए आईएनडीआईए गठबंधन को समर्थन दे रहा है। हम साथ मिलकर इस देश में सभी को बराबरी का हक देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राहुल गांधी ने इस मौके पर कहा कि यात्रा में हमने सामाजिक न्याय की बात की थी और उसका अगला क्रांतिकारी कदम जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वे है। ताकि यह पता चल सके कि देश की पूरी व्यवस्था में सचमुच इन वर्गों की कितनी भागीदारी है। ओबीसी महागठबंधन का विपक्ष को समर्थन देने के लिए आभार जताते हुए राहुल ने कहा कि इस बात से प्रसन्न हैं कि हम सब एकसाथ ये लड़ाई लड़ने जा रहे हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा और मणिपुर से महाराष्ट्र तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी की बातों को सुनने के बाद ओबीसी से जुड़े इन संगठनों को लग गया है कि हिंदुस्तान में वही एक व्यक्ति है, जिसने हमारी समस्याओं के समाधान का बीड़ा लिया है। इसलिए सबने एकजुट होकर कांग्रेस-विपक्ष को बिना शर्त समर्थन का भरोसा दिया है। खरगे ने कहा कि इन संगठनों का यह समर्थन केवल कांग्रेस के लिए ही नहीं बल्कि लोकतंत्र बचाने के लिए अहम है।

## सांपों का प्रदर्शन, जहर से बनी गोलियों की सप्लाई; पुलिस ने कोर्ट में बताया कैसी होती है एल्विश की रेव पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सिद्धार्थ उर्फ एल्विश यादव का प्रोग्राम अलग तरह का होता है, जिसमें पुलिस वाले भी नहीं आते। यह प्रोग्राम 30 से 35 मिनट का होता है। पुलिस ने बताया कि पार्टी में जहरीले सांपों का प्रदर्शन भी होता है और उनके जहर से बनी गोलियों की सप्लाई भी की जाती है। मामले में कोर्ट में पेश की गई केस डायरी में पुलिस ने यह सभी आरोप लगाये हैं। इसके बाद एल्विश पर शिकंजा कसना तय माना जा रहा है।

पुलिस ने सूरजपुर कोर्ट में पेश की गई केस डायरी में कहा गया है कि पीएफए से जुड़े गौरव गुप्ता ने दर्ज कराये मुकदमें में कहा था कि रेव पार्टी के आयोजन के लिए उसने एल्विश के नंबर पर संपर्क किया था। जिसके बाद उसे राहुल का नंबर दिया गया, जिस पर एल्विश का नाम लेकर बात करने पर वह रेव पार्टी में सांपों को लाने को तैयार हो गया था। जिन्हें नोएडा में बुलाकर गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अपनी केस डायरी में लिखा है कि राहुल सपेरा ईश्वर यादव के संपर्क में था और ईश्वर यादव के विनय से संपर्क थे तथा विनय वह व्यक्ति है जो एल्विश के संपर्क में था। पुलिस ने अपनी



केस डायरी में एल्विश यादव को नशे के इस कारोबार के गैंग का मुखिया बताया है। आरोप है कि इस गिरोह द्वारा जहरीले सांपों को अपने कब्जे में रखकर लोगों को नशे हेतु मुहैया कराया जाता है। सांपों का शोषण किया जाता है।

बिग बॉस ओटीटी विजेता और मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव को गिरफ्तारी के पांच दिन बाद गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय से शुक्रवार को जमानत मिल गई। हालांकि, अभी जेल से उसकी रिहाई अटक गई है। गुरुग्राम पुलिस ने कंटेंट क्रिएटर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से मारपीट मामले में एल्विश यादव का प्रोडक्शन वारंट मांगा है, जिसके चलते शनिवार को उसे गुरुग्राम की अदालत में पेश किया जाएगा। एल्विश के अधिवक्ता प्रशांत राठी और दीपक भाटी ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की अदालत ने एल्विश यादव, ईश्वर और विनय को 50-50 हजार के बॉन्ड पर जमानत दी है। जमानत मिलने के बाद देर शाम को एल्विश की रिहाई का परवाना लुक्सर जेल पहुंचा, लेकिन जेल प्रशासन ने उसे रिहा नहीं किया।

## रेलवे यात्रियों के लिए इस बार होली पर घर जाने में नहीं होगी दिक्कत !

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
होली पर घर जाने का प्लान बना रहे लोगों के लिए गुड न्यू है। रेलवे ने होली के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों में 4.90 लाख अतिरिक्त सीटों की व्यवस्था की है। रेलवे की ओर से 21 से 31 मार्च के बीच 75 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जो 354 फेरे लगाएंगी। इनमें से पूर्व की तरफ 243 और अन्य दिशाओं में 111 फेरे लगाए जाएंगे।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष के मुकाबले इस बार होली पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा रहने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए बीते वर्ष के मुकाबले 102 फीसदी ज्यादा फेरे लगाए जा रहे हैं।

बीते वर्ष विशेष रेलगाड़ियों ने 175 फेरे लगाए थे। वहीं, इस वर्ष 354 फेरे लगाए जा रहे हैं। इनमें से 282 फेरे आरक्षित गाड़ियों और 72 फेरे अनारक्षित गाड़ियों के होंगे। विशेष रेलगाड़ियों के अलावा पहले से चल रही गाड़ियों में भी अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। इसके माध्यम से



66072 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हुई हैं। शोभन चौधुरी ने बताया कि इनके अलावा अतिरिक्त गाड़ियों को भी तैयार रखा जाएगा। भीड़ को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर इन गाड़ियों को चलाया जाएगा। बीते वर्ष उत्तर रेलवे से कुल 88 फेरे विशेष रेलगाड़ियों ने लगाए थे, जो इस वर्ष बढ़ाकर 140 किए गए हैं। इसी तरह अन्य रेलवे से बीते वर्ष 87 फेरे विशेष रेलगाड़ियों ने लगाए थे, जो इस बार बढ़ाकर 214 किए गए हैं। दिल्ली क्षेत्र से विशेष रेलगाड़ियों द्वारा 92 फेरे लगाए जाएंगे। नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल स्टेशन पर विशेष रेलगाड़ी से सफर करने वाले यात्रियों के लिए पंडाल लगाए गए हैं। गाड़ी के चलने तक वह यहां इंतजार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष रेलगाड़ी के प्लैटफॉर्म पर लगते ही इन यात्रियों को वहां ले जाया जाएगा।




## यूएनएससी में गिरा गाजा में सीजफायर का अमेरिकी प्रस्ताव, रूस-चीन ने लगा दिया वीटो

**वाशिंगटन, एजेंसी।** गाजा में सीजफायर को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिका का प्रस्ताव चीन और रूस की वजह से पास नहीं हो पाया। चीन और रूस ने प्रस्ताव के खिलाफ वीटो पावर का इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 स्थायी और अस्थायी सदस्यों ने वोटिंग की जिसमें 11 ने पक्ष में मतदान किया वहीं तीन ने विपक्ष में। एक सदस्य गुयाना ने वोटिंग से किनारा कर लिया। इस प्रस्ताव में गाजा में तत्काल 6 सप्ताह का सीजफायर करने और मानवीय सहायता पहुंचाने की बात कही गई थी। बता दें कि पांच महीने से चल रहे युद्ध में अब तक अमेरिका का स्टैंड सीजफायर को लेकर प्रतिकूल ही रहा है। हालांकि अब वह इजरायल के प्रति सख्त नजर आ रहा है। यूएन में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ने कहा, इस प्रस्ताव को पास ना करके एक ऐतिहासिक भूल की गई है। वहीं रूस के राजदूत विसिली नेबेंजिा ने कहा, इस प्रस्ताव के जरिए अमेरिका इजरायल को राफा बॉर्डर पर हमला करने का ग्रीन सिग्नल देना चाहता था।

## चीन ने फिर विवादित जल क्षेत्र में फिलीपींस के जहाज पर किया हमला

बीजिंग , एजेंसी। चीन ने एक बार फिर विवादित जल क्षेत्र में फिलीपींस के जहाज पर हमला किया है। फिलीपींस ने बताया कि आज सुबह एक घंटे तक चले हमले के लिए चीनी तटरक्षक बल जिम्मेदार था। फिलीपींस ने बताया कि चीन तटरक्षक प्रवक्ता गण यू ने हमले के दौरान चेतावनी दी कि जो लोग आग से खेलते हैं वे खुद को शर्मसार करेंगे। उनहोंने कहा कि चीनी तटरक्षक बल हमारे देश की क्षेत्रीय संप्रभुता और समुद्री अधिकारों और हितों की दृढ़ता से रक्षा करने के लिए हर समय तैयार है। उधर, फिलीपींस ने एक संधि को देखते हुए चिंता जताई और कहा कि इसके तहत सैन्य हमले की स्थिति में अमेरिका को फिलीपींस की रक्षा करने की आवश्यकता है।

फिलीपीन तट रक्षक जहाज ने एक बयान में कहा कि एक चीनी तट रक्षक जहाज और दो चीनी समुद्री मिलिशिया जहाजों द्वारा फिलीपीन तट रक्षक जहाज को घेर लिया गया था। फिलीपीन तट रक्षक ने कहा कि परिणामस्वरूप, चीनी समुद्री बलों के गैरजिम्मेदार और उत्तेजक व्यवहार के कारण फिलीपीन तट रक्षक जहाज को पुनः आपूर्ति



नाव से अलग कर दिया गया। जबकि चीन के तट रक्षक के प्रवक्ता गन यू ने कहा कि फिलीपींस ने जमीन पर खड़े जहाज को हटाने का वादा तोड़ दिया और आपूर्ति के आखिरी दौर के 18 दिन बाद दो तट रक्षक जहाजों और एक आपूर्ति जहाज को दूसरे थॉमस शोल जल में भेज दिया चीन के तट रक्षक बल ने कहा कि उसने शनिवार को दक्षिण चीन सागर के विवादित जल क्षेत्र में फिलीपीन के जहाजों के खिलाफ नियंत्रण कदम उठाए हैं, जबकि फिलीपीन तट रक्षक ने इन कदमों को गैरजिम्मेदाराना और उत्तेजक बताया। चीनी तट रक्षक के अनुसार, यह घटना सेकेंड थॉमस शोल और स्प्रैटली द्वीप समूह के जल क्षेत्र में हुई। शोल एक युद्धपोत पर तैनात थोड़ी संख्या में फिलिपिनो सैनिकों का घर है, जिसे मनीला ने अपनी संप्रभुता के दावों को मजबूत करने के लिए 1999 में वहां खड़ा किया था। बता दें कि चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जिसमें दूसरा थॉमस शोल भी शामिल है, जो फिलीपींस के 200 मील के विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर है, और उसने विवादित एटोल पर गश्त करने के लिए जहाजों को तैनात किया है।

### संक्षिप्त समाचार

## जल्द मिल सकती हैं टीबी की 11 वैक्सीन, दुनिया में 1.8 अरब लोग हैं इससे पीड़ित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीबी के कारगर इलाज के बावजूद आज भी इससे बड़ी संख्या में लोग मौत के शिकार हो रहे हैं। विज्ञानियों ने दवाओं के बाद अब इसके विरुद्ध वैक्सीन पर ध्यान केंद्रित किया है। इस समय टीबी के 11 वैक्सीन का विकास दूसरे या तीसरे चरण में है। इससे इस रोग से लड़ने में जल्द ही वैश्विक सफलता मिल सकेगी। 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक रिपोर्ट में वैक्सीन को लेकर जानकारी दी गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक आकलन के अनुसार, दुनियाभर में इस समय 1.8 अरब लोग ट्यूबरक्लोसिस से पीड़ित हैं। यह आज भी दुनिया में विभिन्न रोगों से होने वाली बड़ी संख्या में मौतों में से एक कारण बना हुआ है। डाटा और एलालिटक्स कंपनी ग्लोबलडाटा की रिपोर्ट के अनुसार, टीबी के विरुद्ध 11 वैक्सीन पर काम चल रहा है। इनमें से एक गैमलेया फेडरल रिसर्च सेंटर ऑफ इपिडिमोलाजी एंड माइक्रोबायोलाजी और दूसरी जारागोजा यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित वैक्सीन तीसरे चरण में हैं। इनके क्लीनिकल ट्रायल के दौरान इनकी क्षमता काफी मारक पाई गई है। ग्लोबलडाटा के इंफेक्शियस डिजीज एनालिस्ट एनाएल टैनेन ने एक बयान में कहा कि खांसी के साथ खून आना इस रोग का प्रमुख लक्षण है, लेकिन कुछ लोगों में यह इस लक्षण के बिना भी मौजूद होता है। इस रोग का शुरुआत में ही पता चल जाने पर दवाओं के छह माह के कोर्स से संक्रमण को नियंत्रित किया जात सकता है।

## दिल्ली में दिल दहला देने वाली वारदात, 9 नाबालिकों ने सरेआम युवक को चाकू से गोदकर मार डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एक दिल दहला देने वाली खौफनाक घटना सामने आई है। संगम विहार इलाके में आपसी बहसबाजी में मंगलवार रात नौ नाबालिगों ने एक युवक को चाकू से गोदकर मार डाला। तिगड़ी थाना पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। हत्या के आरोपी नाबालिगों ने बताया कि उनका 20 वर्षीय शादाब से 19 मार्च को झगड़ा हो गया था। इसका बदला लेने के लिए उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि शादाब परिवार के साथ संगम विहार में रहता था। 21 मार्च की शाम करीब 6 बजे पुलिस को हरिजन कॉलोनी में एक युवक को चाकू से गोदने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खून से लथपथ हालत में मिले शादाब को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से इस हत्या के आरोपी तीन नाबालिगों की पहचान की। इसके बाद कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और फिर उनकी निशानदेही पर दो नाबालिगों को हिरासत में लिया। इनके पास से चार चाकू और पिस्तौल बरामद हुई। नाबालिगों ने बताया कि दो दिन पहले नशे की हालत में उनके और शादाब के बीच बहसबाजी हो गई थी। इसके बाद उन सभी ने शादाब को सबक सिखाने की साजिश रची। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौ नाबालिगों के गिरोह में दो लड़के ऐसे हैं, जिन पर पिछले एक साल में हत्या के पांच केस दर्ज किए गए हैं। वहीं, दिल्ली के नजफगढ़ के नंगली सकरावती स्थित सैलून में नौ फरवरी को हुए दोहरे हत्याकांड में 41 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में गत दिनों आईपीसी की धारा 120बी को भी जोड़ा है। सूत्रों ने बताया कि जांच टीम दिल्ली सहित चार राज्यों में 40 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी कर चुकी है और 500 से ज्यादा सीसीटीवी की फुटेज को खंगाल चुकी है। बावजूद इसके आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

## अमेरिका ने मॉस्को में हुए आतंकी हमले को बताया डरावना, कहा- यूक्रेन के शामिल होने के संकेत नहीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस की राजधानी मॉस्को के कॉन्सर्ट हॉल में हुए आतंकवादी हमले में 40 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रूसी विदेश मंत्रालय ने इस आतंकवादी हमला बताया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस घृणित अपराध की निंदा करने की अपील की है। हालांकि, अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं है। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध के कारण कीव पर सवाल उठ सकते हैं। वहीं, अमेरिका ने मॉस्को में हुए हमले में यूक्रेन के शामिल होने से इनकार किया है।

व्हाइट हाउस के शीर्ष अधिकारी और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि हमले की तस्वीरें डरावनी हैं। फिलहाल हमले में यूक्रेन की भूमिका का कोई संकेत नहीं है। अमेरिका इस संबंध में जानकारी जुटा रहा है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए किर्बी ने कहा कि फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं है कि यूक्रेन या यूक्रेनी लोग गोलीबारी में शामिल हैं।

## हॉन्गकॉन्ग में नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पास होने पर अमेरिका ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
हॉन्गकॉन्ग में हाल ही में एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित किया गया है। इसको लेकर अमेरिका ने चिंता जाहिर की है। उसका कहना है कि इसका स्थानीय लोगों के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों और वहां काम करने वाली कंपनियों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

हॉन्गकॉन्ग में 19 मार्च 2024 को एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित किया गया। यह कानून सरकार के खिलाफ असहमति जताने वालों के खिलाफ लाया गया है। पेश किए गए कानून में कई प्रकार की चीजों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। इसमें सबसे गंभीर देशद्रोह और विद्रोह के लिए कानून बनाया गया है। नए कानून के तहत देशद्रोही प्रकाशनों और छोटे अपराधों के



लिए भी कई वर्षों की जेल हो सकती है। यही नहीं कुछ प्रावधान ऐसे हैं, जिसमें दुनिया के किसी कोने में भी किए गए आपराधिक कार्य के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि नए कानून में राजद्रोह, राज्य से जुड़ी गोपनियां और विदेशी संस्थाओं से बातचीत के संबंध में ऐसे प्रावधान शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल आवाज दबाने के लिए किया जा सकता है। इसलिए अमेरिका इस नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पर गहरी चिंता व्यक्त करता है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका अन्य देशों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को साझा करता है कि हॉन्गकॉन्ग के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय दमन के अपने चल रहे अभियान में नए कानून को लागू करने की मांग कर सकते हैं। कानून लागू होने के बाद हॉन्गकॉन्ग की स्वायत्ता बनाए रखने के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का उल्लंघन हो सकता है। वहीं, एक देश, दो प्रणाली ढांचे को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा, हम दुनिया भर में मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने के अपने संकल्प में दृढ़ हैं और हॉन्गकॉन्ग में अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों और लोगों के साथ खड़े हैं। बीते मंगलवार को हॉन्गकॉन्ग की चीन समर्थक विधायिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के संरक्षण विधेयक पर दूसरी और तीसरी बार चर्चा की। इसके बाद, इस विधेयक पर अंतिम मतदान हुआ। इस कानून को मूल कानून के अनुच्छेद 23 के रूप में भी जाना जाता है। इस नए कानून में देशद्रोह, जासूसी, विदेशी दखलअंदाजी और देश के गोपनीय रहस्यों को उजागर करने जैसे कई नए अपराधों को शामिल किया जाएगा। इनमें से कुछ अपराधों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 1898 में एक समझौते के तहत चीन ने 99 सालों के लिए हॉन्गकॉन्ग को ब्रिटेन को लीज पर दिया था। यह समझौता 1997 में समाप्त हो गया।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय
कार्यालय पताः- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।